



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## मोटा कहने पर ऐसा मनमुटाव, मृतक द्वारा साथी को मारने घर से चाकू लाने की बात सामने आई

# सोशल मीडिया बना रहा हिंसक, छोटी सी बात में दो स्कूली छात्रों के बीच खूनी संघर्ष, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/तिल्दा

तिल्दा थाना क्षेत्र में दो स्कूली छात्रों के बीच आपसी रंजिश खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। एक छात्र ने दूसरे छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है, मृतक अपने साथी को मारने के लिए चाकू लाया था, उसने पहले अपने साथी के गले में चाकू से वार किया। चाकू गिरने के बाद घायल छात्र ने अपने साथी के सीने में चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना शुक्रवार सुबह साढ़े 10 बजे तिल्दा स्थित सासाहोली गांव की है। घायल छात्र का उपचार जारी है। विवाद का कारण मृतक छात्र द्वारा अपने साथी को मोटा कहकर चिढ़ाना बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार प्राइवेट स्कूल में अध्ययनरत अमन यदु (16) और एक अन्य 15 वर्षीय छात्र ने हाल ही में 10वीं बोर्ड की परीक्षा पास कर उसी स्कूल में एडमिशन लिया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुछ समय पहले परीक्षा के दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि घायल छात्र ने अमन को मोटा बोलकर चिढ़ाया था, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी के बाद मनमुटाव बना हुआ था। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### साथी को मारने मृतक घर से चाकू लेकर गया था

घटना दिनांक को स्कूल की छुट्टी के बाद दोनों छात्र गांव के मंदिर के पास पहुंचे। इसी दौरान पुरानी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। पुलिस जांच में सामने आया है कि अमन ने घर से सब्जी काटने वाला चाकू लाकर दूसरे छात्र के गले पर वार किया। बचाव के दौरान घायल छात्र ने चाकू छीन लिया और पलटवार कर दिया। देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गयी और दोनों छात्र ▶▶| शेष पेज 7 पर



### दोनों छात्र आपस में पड़ोसी

पुलिस के अनुसार दोनों किशोर का कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है। घायल छात्र के पिता पेशे से शिक्षक हैं। दोनों परिवार एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं और दोनों के घर एक ही वार्ड में करीब 400 मीटर की दूरी पर स्थित हैं। छात्र पूर्व में साथ में स्कूल जाते थे। परीक्षा के समय विवाद के बाद दोनों छात्रों के बीच आपस में बातचीत बंद हुई थी।

### एक्सपर्ट व्यू

यह आक्रमकता का प्रकरण है, जिस बच्चे को चिढ़ाया गया, उसे लगा कि उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाया है। खासकर टिन एज के बच्चे जो आपस में दोस्त होते हैं उनके बीच मजाक भारी पड़ जाता है। चिढ़ाए जाने पर उन्हें लगता है, स्कूल के सभी बच्चों के सामने उनकी बेइज्जती हो गई। बच्चों के आक्रामक होने का एक प्रमुख कारण प्रचलित सोशल मीडिया में रिल्स के साथ ओटीटी में प्रसारित वेब सीरीज है, जिसमें ज्यादातर हिंसक मूवी दिखाए जाते हैं। इसके अलावा बच्चों का पूरे समय मोबाइल से जुड़े रहना है। मोबाइल के कारण बच्चों का ▶▶| शेष पेज 7 पर




## प्रतिबंध के बाद भी बिक रहा था नीट री एग्जाम का फर्जी प्रश्नपत्र

# टेलीग्राम पर बैन, फिर भी 'पेपर' बाहर! एग्जाम के पहले एक और खुलासा

टेलीग्राम पर रोक के बाद भी नीट का फर्जी प्रश्नपत्र बेचने की कोशिश हुई है। मामला राजस्थान के भीलवाड़ा का है, आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी छात्र टेलीग्राम का इस्तेमाल अमेरिका के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) के जरिए कर रहा था। एग्जाम के दो दिन पहले हुई इस घटना ने परीक्षा सुरक्षा को लेकर चल रही चिंताओं को फिर बढ़ा दिया है। गौरतलब है, पेपरलीक के बाद रद्द हुई नीट यूजी परीक्षा 21 जून को दोबारा आयोजित की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नीट री-एग्जाम से पहले पेपर लीक और फर्जी प्रश्नपत्र बेचने की कोशिशों पर सुरक्षा एजेंसियां लगातार नजर बनाए हुए हैं। इसी बीच राजस्थान के भीलवाड़ा से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने परीक्षा सुरक्षा को लेकर चल रही चिंताओं को फिर बढ़ा दिया है। टेलीग्राम पर प्रतिबंध के बावजूद एक छात्र कथित तौर परनीट का फर्जी पेपर बेचने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा ▶▶| शेष पेज 7 पर

### नीट स्टूडेंट ने किया सुसाइड

*इंदौर में नीट की तैयारी कर रही छात्रा गुरुवार देर रात तीसरी मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। उसे गंभीर हालत में पहले निजी अस्पताल और फिर एमवाय हॉस्पिटल पहुंचाया गया। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। छात्रा के गिरने का वीडियो भी सामने आया है। छात्रा के पिता डॉ. बंशीलाल मौर्य* ▶▶| शेष पेज 7 पर

*पेपर लीक के बाद 21 जून को दोबारा आयोजित की जा रही है नीट यूजी परीक्षा*



### नीट री एग्जाम का ड्रेस कोड आया

*री-एग्जामिनेशन के लिए एनटीए ने ड्रेस कोड और जरूरी नियमों की एक लिस्ट शेयर की है। परीक्षा हॉल के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन या कोई भी अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान ले जाना सख्त मना है। इसके अलावा धातु की चीजें, बड़े बकल वाले बेल्ट, भारी ज्वेलरी और एक्सेसरीज* ▶▶| शेष पेज 7 पर

### 22 जून तक टेलीग्राम पर जारी रहेगा बैन

भारत में 22 जून तक टेलीग्राम पर बैन जारी रहेगा। दिल्ली हाई कोर्ट ने टेलीग्राम पर बैन लगाने के केंद्र सरकार के आदेश को सही ठहराया है। इसके साथ ही अदालत ने बैन के खिलाफ टेलीग्राम की याचिका खारिज कर दी. हाई कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार ने बिना सोच-विचार किए यह आदेश जारी नहीं किया था। दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले पर आज अपना फैसला ▶▶| शेष पेज 7 पर

## सरकार के मंत्री भी लेंगे ट्रेनिंग छत्तीसगढ़ में चिंतन शिविर 3.0 के जरिए प्रशासनिक दक्षता बढ़ाएंगे







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकारी योजनाओं की समीक्षा और प्रशासनिक बैठकों से आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ सरकार अब अपनी कार्यप्रणाली को नए दौर की जरूरतों के अनुरूप ढालने की तैयारी में है। इसी कड़ी में जुलाई में नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में दो दिवसीय 'चिंतन शिविर 3.0' आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ राज्य मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य हिस्सा लेंगे। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### विभागों के बीच बेहतर तालमेल पर जोर

राज्य सरकार लंबे समय से विभागों के बीच समन्वय को बेहतर बनाने पर जोर देती रही है। चिंतन शिविर में भी यह एक प्रमुख विषय रहेगा। विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं, आपसी समन्वय की ▶▶| शेष पेज 7 पर

### खबर संक्षेप

### आदि कैलाश तीर्थयात्रियों को यात्रा न करने की सलाह

**पिथौरागढ़।** आदि कैलाश यात्रा इस साल एक मई को शुरू हुई थी। मानसून के मद्देनजर पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने आदि कैलाश तीर्थयात्रियों के लिए एक परामर्श जारी किया है, जिसमें उन्हें शाम चार बजे के बाद धारचूला से ऊपर आदि कैलाश की तरफ, जबकि गुंजी से नीचे धारचूला की ओर यात्रा न करने की सलाह दी गई है।

## 'मैं पद छोड़ने को तैयार, किसी को भी बना दो शिवसेना अध्यक्षः उद्धव

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को पार्टी के 60वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में कहा 'अगर पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को लगता है कि मैं शिवसेना प्रमुख पद के लिए उपयुक्त नहीं हूं, तो मैं पद छोड़ने के लिए तैयार हूं।

### नहीं हूं हार मानने वाला

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग यह सोच रहे होंगे कि शिवसेना टूटने और राजनीतिक चुनौतियों के बाद उनका हौसला टूट जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं होने वाला।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर खड़े इंडिगो विमान पर गिरी बिजली

**कोलकाता।** कोलकाता एयरपोर्ट पर खड़े हुए इंडिगो के एक विमान पर शुक्रवार को बिजली गिर गई, हालांकि विमान में सवार सभी 140 से अधिक लोग सुरक्षित हैं। सूत्रों ने बताया कि विमान कोलकाता से अगरतला जाने वाला था। उन्होंने कहा कि घटना के बाद विमान को उड़ान भरने से रोक दिया गया।

### कोई यात्री घायल नहीं

अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ है। एहतियात के तौर पर विमान में सवार सभी 141 यात्री और 6 क्रू सदस्यों को उतार लिया गया।




## मणिपुर में सुरक्षाबलों ने ध्वस्त किए 30 अवैध बंकर

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान उग्रवादियों के बनाए 30 बंकरों और चौकियों को ध्वस्त किया। अधिकारियों के मुताबिक लेइलोन वैफेई, लेइलोन खुन्नौ, एल. मुनलुई और कोंसाखुल गांवों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। पिछले कुछ महीनों में यहां हिंसा और गोलीबारी की घटनाएं हुई हैं।

## स्लीवलेस ड्रेस पहनी, ईरानी सिंगर को 74 कोड़ों की सजा

**तेहरान।** ईरान की मशहूर सिंगर परस्तू अहमदी और उनके साथ काम करने वाले 8 लोगों को



ऑनलाइन कॉन्सर्ट के लिए 74-74 कोड़े मारने की सजा सुनाई गई है। उन पर 2 साल तक देश छोड़ने और 2 साल तक किसी भी आर्टिस्टिक एक्टिविटीज पर रोक लगाई गई है। यह सजा ईरान के कोम प्रांत की अदालत ने यूट्यूब पर लाइव किए गए एक कॉन्सर्ट के मामले में सुनाई है।

## जम्मू-कश्मीर के शोपियां में 3 संदिग्ध गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में पुलिस ने 3 संदिग्ध ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्लू)) को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 2 ग्रेनेड, करीब 2.5 किलो विस्फोटक सामग्री, 4 मोबाइल फोन और हिजबुल मुजाहिदीन के 4 पोस्टर बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, विशेष सूचना के आधार पर पुडसू इलाके में अभियान चलाया गया, जिसमें तीनों को पकड़ा गया।




Raheja Group
Introducing
Raheja LUXE
Raheja
AVANA
A NEW LEAGUE AT KACHNA
Inaugurating the experience centre of
Raipur's Most Ambitious Residential Canvas
THE CLUB
MAHESHWARI
Unlock Exclusive Inaugural Benefits
20th June
Saturday
04:30 pm Onwards
21st June
Sunday
11:00 am Onwards
92945 92945
PCGRERA061025001976
rera.cgstate.gov.in
Designed By Globally known
Ar.Andy Fisher
(Founder, AFW Singapore)
74 Boutique
Residential Spaces

रायपुर

शनिवार 20 जून 2026

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी

वर्ष : 24, अंक : 330

पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5 .00**


**मौसम**

अधि. 37.0

न्यून. 26.6


haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





3 ईथा में फिर छोड़ा अदाकारी का असर

विचार पेज

4 योग ध्यान से आध्यात्मिक...







# मंत्रियों को मिला आखिरी अल्टीमेटम, दो माह में सुधर जाएं, नहीं तो सिधार दिए जाएंगे

*मुख्यमंत्री निवास पर गुरुवार देर रात तक लगी मंत्रियों की क्लास में आखिरी अल्टीमेटम दिया गया। केंद्रीय संगठन ने मंत्रियों से दो टूक कहलवाया है कि जनता में किसी भी तरह का असंतोष नहीं चाहिए। जनता के हितों के कामों को प्राथमिकता देते हुए विभागीय सचिवों और अपने प्रभार वाले जिलों के कलेक्टरों से जनता के हितों के कामों पर फोकस करें और इनको प्राथमिकता के साथ पूरा करें। दो माह के अंदर अगर सुधार नहीं दिखा, तो ऐसे मंत्रियों को सीधे सिधार दिया जाएगा, यानी बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

दिल्ली सूत्रों के अनुसार मंत्रियों के कामों की पूरी रिपोर्ट राष्ट्रीय संगठन के पास लगातार जा रही थी। राष्ट्रीय संगठन कई मंत्रियों के काम-काज को लेकर संतुष्ट नहीं है। लंबे समय से मंत्रियों में कसावट लाने की तैयारी चल रही थी। इस बीच सूरजपूर की घटना हो गई तो इसको लेकर राष्ट्रीय संगठन बेहद खफा हो गया। राष्ट्रीय संगठन ने पहले प्रदेश संगठन के जवाबदार दिग्गजों की क्लास लगाई और उनसे सीधा पूछा गया कि आप ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पार्टी दफ्तर के स्थान पर सीएम हाउस में बैठक...

### क्योंकि प्रशासनिक सख्ती का देना था संकेत

आमतौर पर अगर संगठन और सत्ता के बीच की बात होती है तो ऐसी बैठक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में होती है, लेकिन यहां पर मामला चूंकि प्रशासनिक था और काम तो अंततः सचिवों और कलेक्टरों से ही लेना है तो ऐसे में बैठक को मुख्यमंत्री निवास में किया गया। कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ▶▶| शेष पेज 7 पर

### सीएम हाउस में बैठक के मायने



### *संगठन ने लिया सूरजपुर की घटना को गंभीरता से*

*इस बैठक में एक तो सूरजपुर की घटना को लेकर चर्चा हुई और सभी से दो टूक कहा गया कि राष्ट्रीय संगठन इस बात से बेहद खफा है। इसी के साथ सभी मंत्रियों से कहा गया, हर हाल में सभी को अपना निजी छोड़कर जनता के हितों की तरफ पहले ध्यान देना है। सभी से साफ कहा गया, यह दिखना चाहिए है कि आप वास्तव में क्या काम कर रहे हैं। आपका पहला काम जनता के हितों के कामों को करना है। जनता का कोई भी काम रुकना नहीं चाहिए। इसके लिए आप अपने विभागीय सचिवों से काम लें और अपने प्रभार वाले जिले के कलेक्टरों से भी काम करवाएं। साथ ही यह देखें कि जिलों में चल क्या रहा है। सूरजपुर जैसी घटना दोबारा न हो, उसके लिए पहले ही कदम उठाने होंगे।*

### दो महीने का अल्टीमेटम

सभी को दो माह का समय दिया गया है। दो माह में फिर से सभी के कामों की समीक्षा होगी, जो भी मंत्री खरे नहीं उतरेंगे उनको लेकर राष्ट्रीय संगठन फैसला करेगा कि उनका क्या करना है। बैठक में इस बात के भी सभी मंत्रियों को सख्त निर्देश दिए गए कि कोई भी बात बाहर नहीं जानी चाहिए। यही वजह है कि सभी मंत्रियों से बाहर मीडिया से बात में एक ही बात कही है कि सत्ता और संगठन में समन्वय बनाने के लिए बैठक थी और ऐसी बैठक होती रहती है। किसी ने यह नहीं बताया कि आखिर अचानक बैठक क्यों हुई और बैठक का वास्तव में एजेंडा क्या था।

## रिलायंस जियो लाने जा रहा है प्राइवेट सैटेलाइट नेटवर्क

# उपग्रहों का जाल, बिना फाइबर केबल के मिलेगा हाई-स्पीड इंटरनेट डाटा

भारतीय टेलीकॉम सेक्टर में क्रांति लाने के बाद अब रिलायंस जियो अंतरिक्ष के रास्ते इंटरनेट क्रांति की तैयारी में है। जियो की अब स्टारलिंक को टक्कर देने के लिए अपने उपग्रह बनाने की योजना है। यानी कि उपभोक्ताओं को बिना फाइबर केबल के हाई-स्पीड इंटरनेट मिलेगा। कंपनी की सालाना बैठक में यह जानकारी दी गई।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय टेलीकॉम सेक्टर में क्रांति लाने के बाद अब रिलायंस जियो अंतरिक्ष के रास्ते इंटरनेट क्रांति की तैयारी में है। रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) में ऐलान किया कि कंपनी भारत के लिए एक खास 'सॉवरेन सैटेलाइट कांस्टेलेशन' डेवलप करने की संभावनाओं तो तलाश कर रही है। रिलायंस का यह कदम देश के स्पेस बेस्ड कम्युनिकेशन इंफ्रा को मजबूत करने की दिशा में एक गेम-चेंजर साबित होने वाला है। यह ऐलान ऐसे समय में आया है जब दुनिया भर में एलन मस्क की स्टारलिंक और अमेजन के प्रोजेक्ट कुइपर जैसी कंपनियों के चलते सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। स्पेस सेक्टर में कंपनी के विजन को साझा करते हुए आकाश ने कहा कि हम भारत के लिए एक सॉवरेन ▶▶| शेष पेज 7 पर

**» *स्टारलिंक को टक्कर देने के लिए जियो का अपना उपग्रह बनाने का प्लान***

**» *कंपनी की सालाना बैठक देश का सबसे बड़ा आईपीओ लाएगी जियो! जारी होंगे 27 करोड़ शेयर***




### जारी किए जाएंगे 27 करोड़ नए शेयर

बैठक में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने जियो का आईपीओ लाने की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया, कंपनी लगभग ₹37,700 करोड़ जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी 27 करोड़ शेयर जारी करेगी, जिसका उपयोग कर्ज चुकाने और कॉर्पोरेट जरूरतों के लिए होगा। यह रकम जुटने पर यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ बन सकता है।

### ये नए प्रोजेक्ट भी

इसके अलावा रिलायंस फाउंडेशन मुंबई में एक बड़ी अर्बन ग्रीन सेंक्चुरी का प्रोजेक्ट 'कोस्टल गार्डन' के नाम से लाएगा। मुंबई में ही करीब 410 एकड़ में वर्ल्ड क्लास यूनिवर्सिटी बनाने के प्रोजेक्ट को भी महाराष्ट्र सरकार की मंजूरी मिल गई है। वहीं, वन्यजीव संरक्षण के लिए वनतारा यूनिवर्सिटी की शुरुआत भी की जा रही है।

### इन बड़े कदमों का ऐलान

- जियो पूरे देश में 5जी नेटवर्क का विस्तार करेगा। कंपनी का लक्ष्य 2030 तक सभी ग्राहकों को 5G सेवा से जोड़ना है। 6G तकनीक पर भी काम किया जाएगा।
- जियो भारतीय भाषाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विकसित कर रहा है। एआई को आम लोगों के लिए आसान और सस्ता बनाया जाएगा।
- जियो एयरफाइबर और ब्रॉडबैंड सेवाओं का तेजी से विस्तार करेगा। कंपनी का फोकस ज्यादा से ज्यादा घरों तक तेज इंटरनेट पहुंचाने पर है।
- जियो अपनी 5जी, एआई और डिजिटल तकनीक दूसरे देशों तक पहुंचाने की तैयारी कर रहा है। कंपनी टेक्नोलॉजी एक्सपोर्ट को भविष्य के बड़े कारोबार के रूप में देख रही है।

# निर्माणाधीन कॉलोनी में मौत बनकर फटा जेसीबी का टायर, एक युवक की मौके पर मौत, 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

चकरभाठा थाना क्षेत्र के बोदरी स्थित फॉर्च्यून एलिमेंट की निर्माणाधीन कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर बड़ा हादसा हुआ। यहां जेसीबी के पंचर टायर में हवा भरते समय अचानक धमाका हो गया और 18 वर्षीय हेल्पर करीब 15 फीट ऊपर हवा में उछल गया। जमीन पर गिरते ही उसकी मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग ▶▶| शेष पेज 7 पर



### सीपत का रहने वाला था युवक

हादसे में जिस युवक की मौत हुई है उसका नाम उमाकांत कौशिक है। 18 वर्षीय उमाकांत यहां हेल्पर के तौर पर काम करता था। वह सीपत क्षेत्र का रहने ▶▶| शेष पेज 7 पर

### कैमरे में कैद हुई हादसे की तस्वीर

घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि टायर में हवा भरी जा रही है और अगले ही पल जोरदार धमाका होता है। धमाके के साथ हेल्पर हवा में उछलता दिखाई देता है। वीडियो ▶▶| शेष पेज 7 पर






## नाइजर पर आतंकी हमला, 35 की मौत

**नियामे।** पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजर की राजधानी नियामे स्थित डियोरी हमानी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार सुबह हुए आतंकी हमले में 35 लोगों की मौत हो गई। नाइजर के रक्षा मंत्रालय के अनुसार मृतकों में 22 हमलावर, 11 सैनिक और 2 नागरिक शामिल हैं। अल-कायदा से जुड़े संगठन जमाअत नस्रत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन (जेएनआईएम) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सुबह की नमाज के तुरंत बाद एयरपोर्ट क्षेत्र से धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनाई दीं।






**अमेरिका-कतर ने कराया समझौता**

# अमेरिका-ईरान के बाद इजराइल हिजबुल्लाह में भी अब सीजफायर

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका और ईरान के पीस डील के बाद इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच युद्धविराम पर सहमति बन गई है। रॉयटर्स के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच सीजफायर शुक्रवार को भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे से लागू हो गया है। एक सीनियर अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि अमेरिका और कतर के वार्ताकारों ने ईरान की मदद से यह समझौता कराया। गुरुवार को हुई गोलीबारी के बाद दोनों पक्ष लड़ाई रोकने पर राजी हुए। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा, 'हम नहीं, ईरान मजबूरी में बातचीत की टेबल पर आया।



### लेबनान पर इजराइली हमले में मारे गए 18 लोग

इसके पहले, अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खत्म करने के लिए बुधवार को हुए समझौते की परवाह न करते हुए इजरायल ने शुक्रवार को लेबनान पर अटैक कर दिया जिसमें 18 लोग मारे गए। इस घटना के चलते अमेरिका-ईरान डील पर संकट के बाद छाने लगे थे, क्योंकि डील की प्रमुख शर्तों में लेबनान से इजराइल की वापसी भी तय थी।

### होर्मुज बंद नहीं, ईरान ने दावे को किया खारिज

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर बंद करने की खबर को ईरानी विदेश मंत्रालय ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। ईरान की तरफ से कहा गया कि कमर्शियल शिपिंग होर्मुज के जरिए जारी है और ईरान पूरी तरह से अमेरिका के साथ हुए शांति समझौते का पालन कर रहा है। दरअसल, इससे पहले खबरें आ रही थीं कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की नौसेना ने लेबनान पर इजराइली अटैक के बाद फिर से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद कर दिया।

# ‘पैदल चलना मौलिक अधिकार’ फुटपाथ पर राहगीरों का हक सबसे पहले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अलग खबर

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि फुटपाथ पर चलने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार से इसे लेकर एक कानून बनाने को कहा। साथ वे पैदल चलने वालों के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने, उसकी सीमा तय करने और उसके रखरखाव के लिए नगर निकायों और स्थानीय संस्थाओं की जिम्मेदारी को मान्यता दें। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और अतुल एस. चंदुरकर की बेंच ने कहा, ‘पैदल चलने का अधिकार संविधान के भाग III के तहत एक मौलिक अधिकार है। यह संविधान के आर्टिकल 19(1)(d) के साथ-साथ आर्टिकल 19(1)(a), 19(1)(b), 19(1)(c) और आर्टिकल 21 में दिए गए आने-जाने की आजादी के अधिकार का एक अहम हिस्सा है। पैदल चलने के मौलिक अधिकार में तय फुटपाथ का अधिकार भी शामिल होगा। ये अधिकार प्राथमिक हैं और इन्हें मोटर वाले वाहनों से आने-जाने की तुलना में प्राथमिकता दी जाएगी।’ 30 मई 2016 को मोटर एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्यूनल (एमएसीटी) ने 7.82 लाख रुपये का मुआवजा और उस पर सालाना छह प्रतिशत ब्याज देने का आदेश दिया। बीमा कंपनी की अपील के बाद हाईकोर्ट ने मुआवजे की रकम घटाकर 4.70 लाख रुपये कर दी।

### अच्छी तरह से बनाए गए हों फुटपाथ

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फुटपाथ पर चलने का मौलिक अधिकार सह-संबंधी कर्तव्य है। बेंच ने कहा, ‘अगर सड़कें बनाई गईं हैं, तो यह पक्का करना जिम्मेदारी है कि पैदल चलने वालों के लिए तय किए गए और अच्छी तरह से बनाए रखे गए फुटपाथ हों। शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम, नगरपालिकाएं और यहां तक कि पंचायतें भी इसके लिए जिम्मेदार हैं।

- सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी केंद्र से कानून बनाने कहा
- शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम की बताई जिम्मेदारी



### पांच वर्षीय बच्चे की मौत से जुड़ा है मामला

यह फैसला पांच साल के एक बच्चे की मौत से जुड़े मोटर दुर्घटना क्लेम मामले में आया है। एक आदमी और उसका बेटा स्कूल की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आए एक टैंकर ने बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे उसकी कमर और शरीर का निचला हिस्सा कुचल गया।

### नागरिकों को मुआवजा पाने का हक

कोर्ट ने कहा, ‘तय किए गए फुटपाथ पर चलने के अधिकारी का उल्लंघन होने पर नागरिकों को यह अधिकार होगा कि वे जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ संवैधानिक और कानूनी उपाय अपनाकर नुकसान की भरपाई और मुआवजा मांग सकें। यह उपाय मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के तहत मिलने वाले उपायों से अलग है।’

### पैदल चलने के अधिकार को सुरक्षित नहीं कर पाए

कोर्ट ने कहा, यह अजीब बात है कि पैदल चलने के अधिकार को मान्यता देने और उसे सुरक्षित करने पर ध्यान नहीं दे पाए। हो सकता है कि वाहनों ने हमारी सोच पर कब्जा कर लिया हो और हमारा नगर प्रशासन ऐसी सड़कें बनाने में व्यस्त रहा हो जो गाड़ियों के लिए सही हो। कोर्ट ने यह भी कहा, ‘शुरू में यह शायद बड़े लोगों की सोच का नतीजा हो, क्योंकि गाड़ियां सिर्फ उनके पास ही होती थीं। लेकिन धीरे-धीरे जैसे अर्थव्यवस्था आगे बढ़ी और सस्ती गाड़ियां आईं और सड़कों पर गाड़ियों का दबदबा हो गया। पैदल चलने वालों को किनारे कर दिया गया और उन्हें ड्राइवरों के लिए एक परेशानी या बाधा माना जाने लगा। जो अक्सर पैदल चलने वालों और उनके फुटपाथों पर गाड़ियां चढ़ा देते हैं। अब ऐसा नहीं होना चाहिए, क्योंकि हम गाड़ियों वाली सड़कों के किनारे बने चिह्नित फुटपाथों पर पैदल चलने के मौलिक अधिकार की घोषणा कर रहे हैं।’

## खबर संक्षेप

### अवमानना मामले में ममता, अभिषेक को नोटिस जारी



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस की ओर से पिछले साल 21 जुलाई को आयोजित शहीद दिवस रैली के दौरान सड़कों को जाम करने को लेकर अदालत के निर्देश के कथित उल्लंघन से जुड़े अवमानना मामले में पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी और महासचिव अभिषेक बनर्जी को नोटिस जारी करने का शुक्रवार को आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई तीन जुलाई को होगी।

### आंध्र प्रदेश में एक ही परिवार के चार की मौत

**केवी अग्रहारम।** आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में शुक्रवार को तीन नाबालिग समेत एक ही परिवार के चार लोग मृत पाए गए। पुलिस ने बताया कि बच्चे अपने घर में मृत पाए गए जबकि उनके पिता पास के एक पेड़ की शाखा से जुड़े फंदे से लटके पाए गए। पुलिस के अनुसार, परिवार के सदस्य बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े नौ बजे सोने गए थे। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह परिवार की ओर से कोई हलचल न होने पर बच्चों की दादी को शक हुआ और जब उन्होंने बच्चों को देखा, तो वे निष्क्रिय पड़े थे। पुलिस अधिकारी ने बताया, मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

### छह वर्षीय बच्चे की हत्या , मां गिरफ्तार



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में प्रेम संबंधों में बाधा बनने पर छह वर्षीय बालक की हत्या कराने के आरोप में उसकी मां को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिजीत कुमार ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में महिला का प्रेमी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान में महिला के प्रेमी ने स्वीकार किया कि उसकी और महिला गुरप्रीत कौर के प्रेम संबंधों में यह बालक बाधा बन रहा था, इसी वजह से उसने उसकी हत्या कर शव को हस्तिनापुर क्षेत्र के जंगल में छिपा दिया था।

## भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मिले स्थायी सदस्यता : फ्रांस

# मैक्रों बोले हिंदी में, ‘भारत-फ्रांस की दोस्ती अमर रहे’, मोदी को बताया सच्चा दोस्त

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फ्रांस दौरा खत्म होने पर फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उन्हें सरप्राइज दिया है। मैक्रों ने पीएम मोदी के लिए हिंदी में खास विदेश संदेश रिकॉर्ड किया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति का प्रधानमंत्री मोदी को भारतीय भाषा में संबोधित करने की कोशिश ने सभी का ध्यान खींचा है। यह संदेश उस समय दिया गया जब पीएम मोदी फ्रांस की अपनी सफल यात्रा पूरी कर रहे थे। मैक्रों ने पीएम मोदी को अपना सच्चा दोस्त बताया। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि फ्रांस के साथ भारत के संबंध वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत द्विपक्षीय रिश्तों में से एक है। दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष, रक्षा और कई अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में गहरा सहयोग जारी है।*

एजेंसी ▶▶| पेरिस

इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने पेरिस में आयोजित ‘विवाटेक 2026’ में हिस्सा लिया, जो यूरोप का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप कार्यक्रम माना जाता है। तकनीकी उद्यमियों, स्टार्टअप्स, निवेशकों और बिजनेस लीडर्स को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मानव-केंद्रित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), नई तकनीकों और उभरती तकनीकों में भारत-फ्रांस सहयोग के बढ़ते दायरे पर भारत की सोच को सामने रखा।



### हिंदी में मैक्रों का दिया गया संदेश

मैक्रों ने हिंदी में कहा, प्रिय मित्र नरेंद्र, मुझे बहुत खुशी है कि आप पेरिस में हैं। यहां आपका स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। भारत और फ्रांस की दोस्ती अमर रहे। इसके बाद मैक्रों मुस्कराए और आगे की बात अंग्रेजी में की। उन्होंने कहा उम्मीद है कि मेरी हिंदी सही थी लेकिन, मेरे प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मैं आपकी दोस्ती के लिए दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं।

### पीएम मोदी को बताया सच्चा दोस्त

मैक्रों ने आगे कहा, फ्रांस आपसे प्यार करता है। मुझे बहुत खुशी है कि आप यहां हैं और दिल्ली लौटने से पहले इतने सारे दोस्तों के साथ समय बिता रहे हैं। मैं अगले फरवरी में भारत आऊंगा, लेकिन आप मेरे सच्चे मित्र हैं। हम आपसे प्यार करते हैं। अपना ख्याल रखिए।

### सुरक्षा परिषद में वर्तमान की सीटें

वर्तमान में सुरक्षा परिषद में 15 सदस्य हैं। इनमें 5 स्थायी सदस्य- फ्रांस, अमेरिका, चीन, रूस और ब्रिटेन- हैं, जबकि 10 सदस्य रोटेशन पर दो-दो साल के लिए चुने जाते हैं। फ्रांस ने सुरक्षा परिषद की सीटों की संख्या बढ़ाकर 25 तक करने की मांग की, जिससे प्रतिनिधित्व और प्रभावशीलता के बीच संतुलन बना रहे। यूरोपीय देश स्लोवाकिया ने भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है।

### *तकनीकों ने दुनिया को नई दिशा दी : मोदी*

*उन्होंने कहा कि तकनीक ने भारत में बड़े बदलाव लाए हैं। डिजिटल पेमेंट्स, एआई की मदद से कृषि में प्रगति और अंतरिक्ष क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग ने देश को नई दिशा दी है। मुख्य भाषण के बाद प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने भारतीय स्टार्टअप्स और इनोवेटर्स से भी मुलाकात की। इन स्टार्टअप्स ने उद्योग, स्वास्थ्य सेवा, पर्यावरण संरक्षण और परिवहन जैसे क्षेत्रों के लिए नई तकनीकों और व्यावहारिक समाधान प्रदर्शित किए।*

### भारत को सुरक्षा परिषद में मिले स्थायी सदस्यता : फ्रांस

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दोस्त फ्रांस ने भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। फ्रांस ने भारत के साथ ही सभी जी4 देशों के लिए भी आवाज बुलंद की है। संयुक्त राष्ट्र महासभा को भेजे एक पत्र में फ्रांस ने सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार के लिए अपना समर्थन दोहराया। संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के स्थायी प्रतिनिधि ने भारत के साथ ही जर्मनी, ब्राजील और जापान को भी स्थायी सीट दिए जाने की मांग की।

## होर्मुज से भारत के लिए आई गुड न्यूज

# यूएस-ईरान डील होते ही पहला एलएनजी टैंकर ‘दिशा’ पहुंचा गुजरात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते के तुरंत बाद भारत के ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक बहुत बड़ी गुड न्यूज सामने आई है। गुरुवार को एलएनजी टैंकर ‘दिशा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को सफलतापूर्वक बार कर लिया, जिसके बाद आज यानी शुक्रवार को गुजरात में भरूच के दहेज बंदरगाह पर सुरक्षित पहुंच गया है। ईरान-अमेरिका शांति समझौते के बाद भारत आने वाला यह पहला लिक्विफाइड नेचुरल गैस जहाज है, जो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार कर भारत पहुंचा है। हजारों टन एलनजी भारत आने से पिछले साढ़े तीन महीनों से समुद्र में जहाजों के फंसे होने के कारण पैदा हुआ ऊर्जा संकट अब समाप्त हो जाएगा।



### खास बातें

- साढ़े तीन महीने बाद दहेज बंदरगाह पर सुरक्षित पहुंच गया
- 62,370 मीट्रिक टन एलएनजी से भारत का ऊर्जा संकट खत्म

### 2 मार्च से ही फंसा हुआ था यह जहाज

दहेज पोर्ट पर एलएनजी लगे शिप का सुरक्षित पहुंचना भारत के लिए ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। एलएनजी टैंकर ‘दिशा 62,370 मीट्रिक टन लिक्विफाइड नेचुरल गैस लेकर आया है। इससे भारतीय ऊर्जा बाजार को बड़ी राहत मिलेगी। बता दें कि 2 मार्च से कतर के रास लाफान पोर्ट पर यह शिप फंसा हुआ था। होर्मुज में लगी ईरानी पाबंदी के बाद हालात इतने खराब हो गए कि यह जहाज कब भारत पहुंचेगा, इसका पता नहीं था।

### 15 जून को होर्मुज के रास्ते बढ़ा था आगे

ईरान-अमेरिका के बीच हुए पीस डील के बाद यह जहाज 15 जून को होर्मुज के रास्ते आगे बढ़ा और आज सुरक्षित भारत पहुंच गया। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी तनाव के कारण यह जहाज करीब साढ़े तीन महीने तक फंसा रहा। अमेरिका-ईरान के बीच हुए शांति समझौते के बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाला यह पहला एलएनजी जहाज है।

## कर्नाटक एमएलसी चुनाव

# क्रॉस वोटिंग पर भाजपा आलाकमान नाराज, तीन बड़े नेता दिल्ली तलब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्नाटक विधान परिषद चुनावों में हुई भारी क्रॉस-वोटिंग को लेकर भारतीय जनता पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व सख्त हो गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने इस मुद्दे को बेहद गंभीरता से लिया है। कर्नाटक के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र सहित कई अन्य वरिष्ठ नेताओं को दिल्ली तलब किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नवीन ने क्रॉस-वोटिंग पर कड़ी आपत्ति जताते हुए प्रदेश नेतृत्व में राज्य अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र, विपक्ष के नेता आर. अशोक और राज्य प्रभारी राधामोहन दास कोको 23 जून को दिल्ली आकर स्पष्टीकरण देने और इस मामले पर बैठक करने का निर्देश दिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ऐसा माना जा रहा है कि इस चुनाव में भाजपा के 3 और जेडी(एस) के 8 विधायकों ने क्रॉस-वोटिंग की है।



### भाजपा-जेडी (एस) को लगा बड़ा झटका

कर्नाटक में मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के नेतृत्व में नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद यह पहला चुनावी मुकाबला था। गुरुवार को विधान परिषद की सात सीटों के लिए हुए चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच सीटों पर कब्जा जमा लिया, जबकि विपक्षी दल भाजपा को केवल दो सीटों से ही संतोष करना पड़ा। वहीं, भाजपा की सहयोगी जेडी(एस) का खाता तक नहीं खुल सका। **क्रॉस-वोटिंग में कांग्रेस को 11 वोट ज्यादा मिले :** कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में एनडीए के विधायकों ने जमकर वोट डाले। सूत्रों के अनुसार, सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी को कुल 151 वोट मिले, जो उनकी अपेक्षित 140 वोटों की संख्या से 11 वोट अधिक हैं।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर मोदी ने दी खास अंदाज में बधाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपना 56वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर कांग्रेस समेत कई पार्टियों के नेता उनको जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को 56 साल के हो गए हैं। जन्मदिवस के खास मौके पर समर्थकों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से भी शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है। प्रधानमंत्री मोदी का राहुल गांधी को दिया गया यह बधाई संदेश राजनीतिक मतभेदों से परे जाकर लोकतांत्रिक परंपराओं और आपसी सौहार्द को दर्शाता है।



**कांग्रेस ने दी जन्मदिन की बधाई :** कांग्रेस ने राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, ऐसी दुनिया में जहां ज्यादातर लोग चुप रहना पसंद करते हैं, आपने हमेशा उस बात के लिए आवाज उठाई है जिसे आप सही मानते हैं। अन्याय, असमानता और सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ आपकी लगातार लड़ाई ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है।

### *पीएम मोदी ने दीं शुभकामनाएं*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक एक्स पोस्ट में राहुल गांधी बर्थडे विश करते हुए लिखा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं. उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं।*

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे गहलोत सहित अन्य ने दी बधाई

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा, संविधान के आदर्शों के प्रति आपकी अटूट निष्ठा और अनसुनी आवाजों के लिए आपकी बेबाक लड़ाई ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने लिखा, युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए अथक संघर्ष करने वाले राहुलजी पूरे देश में उन लोगों की सशक्त आवाज बन गए हैं, जिनकी बात पहले सुनी नहीं जाती थी। कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी राहुल गांधी को बधाईयां प्रेषित कीं।

## नीट री-टेस्ट के लिए कोर्ट ने दी चार दिन की जमानत

# जेल से सीधे परीक्षा हॉल पहुंचेगा पॉक्सो का आरोपी; कोर्ट ने दी जमानत

## *आरोपी को 22 जून तक आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद 18 वर्षीय युवक को 21 जून को होने वाली नीट री-टेस्ट परीक्षा में शामिल होने के लिए चार दिन की अस्थायी जमानत दे दी है। विशेष न्यायाधीश एस.आर. शर्मा ने गुरुवार को नवी मुंबई की तलोजा सेंट्रल जेल में बंद आरोपी को राहत प्रदान की। यह राहत तब दी गई जब रेप पीड़िता ने अदालत में कोई आपत्ति नहीं जताई, बशर्ते आरोपी जमानत के दौरान उसके परिवार को बदनाम या धमकाने की कोशिश न करे।

### पीड़िता से संपर्क पर पूरी तरह रोक

अदालत ने आरोपी को जमानत देते हुए निर्देश दिया कि वह किसी भी प्रकार से पीड़िता से संपर्क नहीं करेगा, सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करेगा और मामले से जुड़े किसी भी व्यक्ति को प्रभावित करने या धमकाने की कोशिश नहीं करेगा। न्यायाधीश ने आरोपी को यह भी निर्देश दिया कि वह परीक्षा में शामिल होने संबंधी एक लिखित आश्वासन प्रस्तुत करे और आत्मसमर्पण के समय परीक्षा में शामिल होने के दस्तावेज भी जमा करे।

### पुलिस निगरानी में परीक्षा का विरोध

बचाव पक्ष ने यह भी कहा कि पुलिस सुरक्षा में परीक्षा देने से आरोपी की मानसिक स्थिति प्रभावित होगी और उसे परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय की आवश्यकता है। वहीं, विशेष लोक अभियोजक चैत्राली पांशीकर ने आरोपी की अस्थायी जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि उस पर लगे आरोप बेहद गंभीर हैं।



### परीक्षा के बाद तुरंत सरेंडर करने का आदेश

अदालत ने आरोपी को 18 जून से 21 जून तक चार दिन की अस्थायी जमानत 50,000 रुपये के निजी मुचलके और समान राशि की जमानतदार शर्त पर प्रदान की। कोर्ट ने आरोपी को निर्देश दिया कि वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा की पुनर्परीक्षा के अगले दिन यानी 22 जून को दोपहर 2 बजे से पहले संबंधित अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करेगा। **दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज है मामला :** जेल में निरुद्ध 18 वर्षीय आरोपी के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम, 2012 के तहत मामला दर्ज है। आरोपी की ओर से पेश अधिवक्ता कपिल विश्वास जोडगे ने दलील दी कि आपराधिक न्याय प्रणाली का उद्देश्य दोषियों और जेल में बंद व्यक्तियों के पुनर्वास को भी बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि युवक को मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल होकर अपनी गलतियों को सुधारने का अवसर मिलना चाहिए।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी एसआईटी ने की जांच तेज

# चंपत राय और ट्रस्टी मिश्रा से अलग-अलग पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) लगातार 5वें दिन अयोध्या पहुंची। टीम ने राम मंदिर टेस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्रा और निर्माण प्रभारी गोपाल राव से अलग-अलग बातचीत की है। जबकि स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के ब्रांच मैनेजर और पहले के ब्रांच मैनेजर को बुलाकर उनसे भी पूछताछ की है। टीम करीब 10 घंटे तक मंदिर परिसर में रही।



### योगी ने कहा- कोई नहीं बचेगा

इधर, शुक्रवार दोपहर सीएम योगी ने रामलला के दर्शन किए। लेकिन मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय उनके कार्यक्रम से दूर रहे। अयोध्या के राम मंदिर दान विवाद पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि जिसके पास भी किसी तरह के सबूत हैं, वह उन्हें विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपे। योगी ने भरोसा जताया कि जांच पूरी होने के बाद ‘दूध का दूध और पानी का पानी’ हो जाएगा।

ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र से करीब 4 घंटे तक पूछताछ की। टीम ने अनिल मिश्र से राम मंदिर दान की रकम की गिनती और रख-रखाव समेत इसे बैंक में जमा करने की प्रकिया जानी।

# ईथा में फिर छोड़ा अदाकारी का असर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सबसे पसंदीदा एक्ट्रेसेस में से एक श्रद्धा कपूर अपनी आने वाली फिल्म 'ईथा' में अपनी परफॉर्मेंस से फैंस को इंप्रेस करने के लिए तैयार हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही यह फिल्म महाराष्ट्र की मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जिंदगी पर आधारित है। यह फिल्म 1940 से 1990 के दशक तक की कहानी दिखाएगी, जिसमें उनके मशहूर होने का सफर और उनके संघर्ष शामिल होंगे। फिल्म की पहली झलक दिख गई है। इस बायोपिक का पहला टीजर 19 जून को शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ सिनेमाघरों में दिखाया गया। जैसे ही फिल्म का पहला शो शुरू हुआ, दर्शकों को श्रद्धा की एक हैरान करने वाली और नई झलक देखने को मिली। टीजर में वह लावणी डांसर के रोल में शानदार लग रही थीं। 'ईथा' का टीजर मशहूर लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की जिंदगी के सबसे यादगार पलों में से एक को दिखाता है। श्रद्धा कपूर पहले ही सीन से इस किरदार में पूरी तरह ढल जाती हैं और इस मशहूर कलाकार की मजबूती और हिम्मत को बखूबी दिखाती हैं। टीजर में विठाबाई को बहुत ज्यादा प्रेग्नेंट होने के बावजूद पूरे जोश और लगन के साथ स्टेज पर परफॉर्म करते हुए दिखाया गया है। टीजर में, परफॉर्मेंस के दौरान उन्हें एहसास होता है कि वह बच्चे को जन्म देने वाली हैं। शो को बीच में न छोड़ने का पक्का इरादा करते हुए, वह शांत रहती हैं और बैकस्टेज जाती हैं, जहां वह बच्चे को जन्म देती हैं। हिम्मत की एक अनोखी मिसाल पेश करते हुए, विठाबाई पत्थर से गर्भनाल काटती हैं और अपनी परफॉर्मेंस पूरी करने के लिए वापस स्टेज पर आ जाती हैं।

उनकी हिम्मत और लगन दर्शकों को हैरान कर देती है, जिससे उन्हें लोगों की तारीफ और तालियां मिलती हैं। विठाबाई महाराष्ट्र की बेहद फेमस लावणी कलाकार थीं। उनकी जिंदगी की एक अहम घटना वह समय था जब उनके बच्चे का जन्म हुआ। जब वह दर्शकों के सामने परफॉर्म कर रही थीं, तब वह 9 महीने की गर्भवती थीं। परफॉर्मेंस के दौरान ही उन्हें पता चला कि बच्चे का जन्म होने वाला है। एक समझदार, सब्र रखने वाली और बहादुर महिला होने के नाते, वह बैकस्टेज गईं और बच्चे को जन्म दिया और वापस आकर शो पूरा किया। उन्हें महाराष्ट्र के नारायणगांव गांव की एक मशहूर और दिग्गज तमाशा कलाकार के तौर पर जाना जाता है। सोशल मीडिया पर एक यूजर द्वारा पहला लुक शेयर किए जाने के तुरंत बाद, श्रद्धा के फैन्स उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे थे। एक फैन ने लिखा, 'और आपकी लेडी सुपरस्टार वापस आ गई हैं श्रद्धा कपूर।' एक और फैन ने कमेंट किया, 'आप सब श्रद्धा का असली टैलेंट देखेंगे।' तीसरे फैन ने लिखा, 'एकदम रोंगटे खड़े कर देने वाला।'



# 18 महीने तक नहीं देंगे कोई इंटरव्यू

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों 'डॉन 3' को लेकर चल रहे विवाद के कारण सुर्खियों में हैं। खबरों के मुताबिक, रणवीर ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने तय किया है कि वह अगले 18 महीनों तक किसी भी तरह का इंटरव्यू नहीं देंगे और इस विवाद पर कोई बयान भी नहीं देंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर ने यह बात एक ट्रेड जर्नलिस्ट से मुलाकात के दौरान खुद कही। उन्होंने साफ कर दिया कि वह 'डॉन 3' से जुड़े किसी भी सवाल पर बात नहीं करेंगे और अपनी अगली फिल्म 'प्रलय' की रिलीज तक मीडिया से दूरी बनाए रखेंगे। दरअसल, रणवीर सिंह और फिल्ममेकर फरहान अख्तर के बीच 'डॉन 3' को लेकर मतभेद हो गए थे। कहा जा रहा है कि रणवीर फिल्म की स्क्रिप्ट और बार-बार हो रही देरी से खुश नहीं थे।




हॉस्पिटल हेतु प्राइम स्पेस लीज पर उपलब्ध

रेडी "Plug & Play" आई हॉस्पिटल सेटअप पॉलीक्लिनिक/मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल हेतु उपयुक्त

ग्राउंड, फर्स्ट व सेकंड फ्लोर हर फ्लोर 2100 वर्गफुट
- लिफ्ट सुविधा
- बेसमेंट पार्किंग
- उत्कृष्ट लोकेशन एवं कनेक्टिविटी

रिंग रोड नं. 1, उद्योग भवन के पास, महावीर नगर एवं राजेन्द्र नगर के बीच, रायपुर (छ.ग.)

आई हॉस्पिटल, डायग्नोस्टिक सेंटर, डे-केयर, फिजियो/रीहैब एवं मल्टी स्पेशियलिटी सेटअप हेतु आदर्श...

संपर्क: अम्बेश ए. बी. पटेल, मो.: 9300502121

# एक्टर हेनरी के साथ नजर आईं सारा

**मुंबई।** गुरुवार की शाम हॉलीवुड और बॉलीवुड का शानदार संगम देखने को मिला। जब 'सुपरमैन' फेम एक्टर हेनरी कैविल और बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। दोनों कलाकार एक लग्जरी वॉच ब्रांड के इवेंट में शामिल हुए। इवेंट में पटौदी खानदान की युवा राजकुमारी सारा अली खान अपने शाही अंदाज में नजर आईं। सारा ने इवेंट से कई तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। सारा ने इस खास इवेंट के लिए मोनोक्रोमैटिक आइवरी आउटफिट चुना। इसके साथ उन्होंने अपनी खूबसूरती और शालीनता का बेहतरीन मेल पेश किया। उनके लुक में एक तरफ जहां विंटेज चार्म था वहीं दूसरी तरफ आधुनिक भव्यता भी नजर आई। उन्होंने रिच टेक्सचर वाले ट्वीड-स्टाइल फैब्रिक से बनी स्ट्रक्चर्ड मिडी-लेंथ शीथ ड्रेस पहनी थी। जिसमें स्कूप नेकलाइन उनके लुक को और आकर्षक बना रही थी। इस अंदाज को और निखारने के लिए उन्होंने अपने कंधों पर मैचिंग ब्लेजर कैरी किया, जिसने उनके पूरे लुक में एक रॉयल टच जोड़ दिया। बात करें सारा की एक्सेसरीज की तो वो भी उतने ही स्टाइलिश और आकर्षक थे। अभिनेत्री ने कढ़ाई वाला पाउच बैग, क्रिस्टल बकल से सजे पॉइंटेड-पंप्स और ब्रोच के साथ अपने लुक को खास बनाया।बता दें, सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान मशहूर पटौदी खानदान से ताल्लुक रखती हैं। इससे पहले भी सारा साल 2019 में फोर्ब्स इंडिया सेलिब्रिटी 100 की सूची में जगह बना चुकी हैं। कॅरियर की बात करें तो हाल ही में वो फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आईं, जिसमें उनके साथ आयुष्मान खुराना, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी भी अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए थे।






*T&C apply. Upto ₹750 discount. Minimum Shopping ₹2000. Once per card per month.
Date: Valid till 28th June 2026. Valid on Tap to Pay with SBI Visa Debit Cards.

चिंतन

# पैदल चलने वालों की सुरक्षा हो प्राथमिकता

देशभर में हाइवे का बेहतरीन जाल लगातार बिछाया जा रहा है। अब एक शहर से दूसरे शहर में जाना आसान हो गया है। कई हाइवेज पर औसत गति सीमा 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक है। यानी 200 से 300 किलोमीटर तक का सफर ढाई से तीन घंटे में ही पूरा किया जा सकता है। यह नए भारत की बदलती तस्वीर है। हमारे एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन विश्वविख्यात हो गए हैं। छोटे-छोटे शहरों में भी एस्केलेटर और लिफ्ट जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। यह लोगों को नए-नए अनुभव दे रहे हैं, लेकिन शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर यानी आधारभूत ढांचा आज भी पुराने स्तर का ही है। एक शहर से दूसरे शहर में जाने के बाद सड़कों पर जाम, अनियंत्रित ट्रैफिक, फुटपाथों पर कब्जे और सड़कों के किनारे खड़ी रेहड़ियां ऐसा दृश्य उत्पन्न करती हैं कि 100 किलोमीटर की गति 10 किलोमीटर पर आकर ठहर जाती है। यह अनेक बार बड़े हादसों का कारण भी बनती हैं। सच्चाई यह है कि भारत के अधिकांश शहरों में पैदल चलना आज भी किसी चुनौती से कम नहीं है। फुटपाथ या तो हैं ही नहीं, और जहां हैं वहां अतिक्रमण, रेहड़ियां, अवैध पार्किंग या निर्माण सामग्री का कब्जा है। नतीजा यह होता है कि पैदल यात्री सड़क पर चलने को मजबूर होते हैं और तेज रफ्तार वाहनों के बीच उनका जीवन हर पल खतरे में रहता है। यही कारण है कि सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में पैदल चलने वाले और साइकिल सवार लोग अपनी जान गंवाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फुटपाथ पर सुरक्षित चलने को बुनियादी अधिकार बताया है। शीर्ष कोर्ट का यह फैसला अत्यंत महत्वपूर्ण है। अब इसका उल्लंघन हुआ तो जिम्मेदारों पर कड़ा एक्शन होगा। अब देशभर के निकायों व नगर निगमों को पैदल चलने वालों और शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर पर गंभीरता से विचार करना होगा। हमारे हाइवे कितने ही अच्छे हो जाएं, लेकिन जब तक शहर का इंफ्रास्ट्रक्चर कमजोर होगा, तब तक वह किसी भी रूप में लोगों के लिए सुविधाजनक नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि विकास का अर्थ केवल वाहनों के लिए सड़कें बनाना नहीं, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित आवागमन का अधिकार देना भी है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए बड़ी राहत देने वाला है। क्योंकि पैदल चलने वालों में सबसे ज्यादा हादसों का शिकार यही लोग होते हैं। विडंबना यह है कि भारत में सड़क निर्माण की योजना बनाते समय सबसे कम ध्यान पैदल यात्रियों पर दिया जाता है। शहरों में फ्लाईओवर, अंडरपास और चौड़ी सड़कें तो बनती हैं, लेकिन फुटपाथों की हालत दयनीय रहती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब जिम्मेदारी राज्य सरकारों, नगर निगमों और स्थानीय निकायों की है। फुटपाथों से अतिक्रमण हटाना, अवैध पार्किंग पर सख्ती करना, सुरक्षित पैदल पार पथ बनाना और सड़क निर्माण योजनाओं में पैदल यात्रियों को प्राथमिकता देना अब विकल्प नहीं, बल्कि दायित्व है। साथ ही नागरिकों को भी सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने की मानसिकता छोड़नी होगी। भारत अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है। यदि विकास को वास्तव में समावेशी बनाना है तो शहरों को केवल वाहनों के लिए नहीं, बल्कि लोगों के लिए बनाना होगा। हाइवे पर दौड़ती तेज रफ्तार तभी सार्थक होगी, जब शहर की गलियों और सड़कों पर एक आम नागरिक सुरक्षित और सम्मानपूर्वक पैदल चल सके।



दिवस विशेष
अखिलेश आर्येन्दु

# योग ध्यान से आध्यात्मिक पूंजी का निवेश

भारत सरकार ने योग ध्यान के फायदे को देखते हुए देश-दुनिया को बाह्य और अंदर से सेहतमंद बनाने के लिए पहल शुरू की। इसका परिणाम यह हुआ कि आज सारी दुनिया भारत के आर्थिक विकास की गति की ही नहीं, बल्कि योग ध्यान व अध्यात्म के जरिए विश्व में अहिंसा, नैतिकता, मानवता और शांति के पहल की भी मुराद हो गई है। इस नजरिए से आज की पीढ़ी के लिए योग ध्यान की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा उपयोगी और फायदेमंद हो गई है। सोशल मीडिया के इस जमाने में जहां सब कुछ मोबाइल के एक छुअन से संभव हो रहा है, ऐसे में योग ध्यान और संयम की जरूरत कहीं ज्यादा हो गई है, जिसे रोजाना के अभ्यास या साधना के जरिए सहज रूप से हासिल किया जा सकता है।

दुनियाभर में विकास की एक ऐसी दौड़ जारी है, जो कहां पहुंच कर खत्म होगी, किसी को नहीं मालूम। हर कोई विकास की इस अंधी दौड़ में आगे निकल जाना चाहता है। जो सबसे आगे रहेगा, उसकी ही मनमानी और धौंस चलेगी। अमेरिका इसकी मिसाल है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि विकास की यह दौड़ लोगों की जिंदगी से सहजता, सरलता, सौम्यता, सज्जनता, स्वच्छता और मानवीय आदर्शों को अलग कर रही है। न सेहत का ध्यान और न संयम का। यानी जीवन असंयम और बिगड़ी सेहत के नाम हो गया है। समय और संयम दोनों की कमी ऐसी हो गई है कि लोगों को अपने बारे में सोचने की फुसर्त नहीं मिल रही है। वहीं दकरोड़ों ऐसे लोग हैं जो विकास की दौड़ में शामिल तो हैं, लेकिन उन सभी जरूरी अभिक्रियाओं को भी कर रहे हैं जिससे जिंदगी एकांगी न हो जाए। यह स्थिति पच्चीस साल पहले दुनिया भर में दिखाई देती थी। लेकिन समय बदला और भारत में पतंजलि के योगदर्शन को व्यावहारिक बनाने का एक बड़ा नाम जुड़ गया। भारत सरकार ने भी योग ध्यान के फायदे को देखते हुए देश-दुनिया को बाह्य और अंदर से सेहतमंद बनाने के लिए पहल शुरू की। इस पहल का परिणाम यह हुआ कि आज सारी दुनिया भारत के आर्थिक विकास की गति की ही नहीं, बल्कि योग ध्यान व अध्यात्म के जरिए विश्व में अहिंसा, नैतिकता, मानवता और शांति के पहल की भी मुराद हो गई है।

जब 2015 में 21 जून को भारत ने दुनिया को आर्थिक विकास के साथ आध्यात्मिक या यौगिक विकास पर भी गौर करने के लिए प्रेरित किया, तो लोगों को महर्षि पतंजलि की धारा को आगे बढ़ाने वाले महर्षि दयानंद, स्वामी विवेकानंद, परमहंस स्वामी, महर्षि रमण और महर्षि अरविंद याद आ गए। यह एक तरह का दुनिया के दो सौ देशों में योग ध्यान के जरिए आध्यात्मिक पूंजी का निवेश जैसा था। दुनिया के सभी देशों ने भारत के इस आध्यात्मिक निवेश का दिल खोलकर स्वागत ही नहीं किया, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने के लिए खुद को तैयार किया और इसे सहज तरीके से स्वीकार भी कर लिया। पिछले बीस सालों में दुनिया में बहुत कुछ बदला है, जिसमें योग ध्यान की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। जिस तरह दुनियाभर की सरकारें और कंपनियां भारत में पूंजी निवेश करने के लिए आगे आईं हैं, उसी तरह भारत द्वारा किए गए योग ध्यान की आध्यात्मिक पूंजी के निवेश से सेहत के मामले में फायदा लिया है। आज हम यदि यह कहें कि शायद ही दुनिया का कोई देश हो जो भारत के इस आध्यात्मिक पूंजी को अपने देश के लोगों की जिंदगी के खुशहाली की पूंजी न बनाया हो, तो अतिश्योक्ति नहीं माना जाएगा। भारत सनातन से आध्यात्मिक, धार्मिक (मजहबी नहीं) और विज्ञानपरक और मूल्यवान साहित्य के क्षेत्र में दुनियाभर में जाना जाता रहा है, लेकिन 21वीं सदी (पिछले 12 वर्षों में) भारत ने नए सिरे से जिस तरह से आध्यात्मिक, नैतिक, मानव मूल्यों, सर्वहितकारी विचारों और कार्यों को लेकर दुनियाभर में एक चिंतन पैदा किया उससे उसकी सनातन धारा फिर से अविचल गति से आगे बढ़ती जा रही है। दुनियाभर में जहां आर्थिक विकास और प्रगति के लिए ही सभी तरह की कवायदें चल रही हैं, वहीं भारत में योग और वेद के जरिए दुनिया



को सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया के मकसद से सब को सुखी, निरोग और नैतिक बनाने के कार्य में आगे बढ़ रहा है। दस वर्ष पूर्व जब योग दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ के माध्यम से मनाने की घोषणा हुई थी, तब से लेकर अब तक योग ध्यान और भारत का अध्यात्म तत्व दुनिया के लिए वरदान वनकर उभरा है।

भारत दुनिया में अपने सर्वोच्च आध्यात्मिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक ज्ञान, अनुभव और कार्य के जरिए यह बताने और समझाने में लगा हुआ है कि महज भौतिक या आर्थिक उन्नति या आधुनिक विज्ञान की उन्नति से विश्व समाज में शांति, सौहार्द, न्याय, सहजता, पवित्रता, सुख, प्रेम, सत्य, अहिंसा और परमार्थ की अविरल धारा को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। इसलिए योग ध्यान, जप, तप और ईश्वरीय ज्ञान उतना ही जरूरी है जितना कि आर्थिक, वैज्ञानिक और सामाजिक उन्नति करना। योग एक व्यक्ति से अनंत को साधने, संवारने और निर्माण का साधन है। यह साधन भी और साध्य भी है। यानी इसके जरिए हम जिस परा-अपरा शक्ति को हासिल करना चाहते हैं, वह शक्ति इससे ही सहज तरीके से हासिल की जा सकती है। 21 जून यानी योग दिवस दुनिया के हर व्यक्ति को याद दिलाता है कि जिंदगी के लिए धन, सम्पत्ति, रिश्ते-नाते और सभी तरह की भौतिक उन्नति जितनी जरूरी है। उतनी ही जरूरी है सेहत, शांति, प्रेम, अहिंसक स्वभाव, न्याय और सौहार्द के प्रति अनुराग और मानव मूल्य के साथ ही उस परा शक्ति से मिलन की जिज्ञासा, जिससे यह सारी कायनात संचालित है। दुनिया को अब यह समझ में आने लगा है कि योग ध्यान और भारतीय अध्यात्म से ही जीवन में असली सुख या आनंद हासिल किया जा सकता है। भारत ने योग ध्यान के जरिए दुनिया को यह याद दिलाने की कोशिश की है कि जिंदगी में यदि संतुलन, सच्चा सुख-आनंद और शांति को बनाए रखना है तो योग ध्यान का अभ्यास उतना ही जरूरी है जितना की जिंदा रहने के लिए शुद्ध भोजन, साफ जल का संतुलित इस्तेमाल और श्वास लेना। जाहिर तौर पर ऋषि पतंजलि ने योगदर्शन के जरिए जिंदगी को हर तरह से खुशहाल और शांतिमय बनाए रखने के जरूरी सूत्र, सिद्धांत और नियम बता दिए हैं, जो बेहद रोचक, तर्कपूर्ण और विज्ञानपरक हैं। जिस तरह से योग जन-गण-मन के जीवन का आंदोलन बन गया, वह किसी युगांतरकारी चमत्कार से कम नहीं है। यह किसी युग पुरुष के जरिए विश्व समाज और मानव जीवन का कल्याण करने की ऐसी अमर गाथा है जिसे भारत का जन मानस ही नहीं, बल्कि विश्व समाज भी स्वीकार करता है कि योग के जरिए उनकी जिंदगी में नई तरह की बहार आई है। यह कौन स्वीकार नहीं करेगा कि विश्व समाज को योगमय और आयुर्वेदमय बनाने में योग ऋषि स्वामी रामदेव और बाल कृष्ण महाराज का सर्वाधिक योगदान है। दुनिया के दो सौ देशों में इस अनोखे और नियमबद्ध ज्ञान-विज्ञान को स्वामी ने अपने शिष्यों के जरिए दुनियाभर में पहुंचाने में जितना पुरुषार्थ किया है, वह अवर्णनीय है। यह है भारत की आध्यात्मिक विद्या या पूंजी का दुनियाभर में निवेश का परिणाम, जिससे दुनिया का हर व्यक्ति प्रभावित है और लाभ हासिल कर रहा है। योग दिवस हम सब को याद दिलाता है कि विकास की सरपट दौड़ लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि आतंरिक विकास के लिए दौड़ लगाना भी उतना ही जरूरी है। इस नजरिए से आज की पीढ़ी के लिए योग ध्यान की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा उपयोगी और फायदेमंद हो गई है। सोशल मीडिया के इस जमाने में जहां सब कुछ मोबाइल के एक छुअन से संभव हो रहा है, ऐसे में योग ध्यान और संयम की जरूरत कहीं ज्यादा हो गई है, जिसे रोजाना के अभ्यास या साधना के जरिए सहज रूप से हासिल किया जा सकता है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

व्यक्तित्व
योगेंद्र माथुर



# बच्चों के चरित्र निर्माण में बाल साहित्य की सशक्त भूमिका

किसी भी देश के स्वस्थ विकास के लिए यह आवश्यक है कि उसके लिए ऐसे नागरिक तैयार किए जाएं, जो लोकतांत्रिक समाज व मूल्यों में आस्था रखते हों और मानवीय उच्च संस्कारों से युक्त हों। ऐसे उच्च संस्कार युक्त नागरिकों का दैदिप्यमान व्यक्तित्व समाज व देश की पहचान को नई आभा प्रदान करता है। किसी भी व्यक्ति के संस्कार व चरित्र निर्माण की नींव बाल्यावस्था में ही पड़ जाती है। एक बच्चा अपनी उम्र की आरंभिक अवस्था में जैसा देखता-सुनता व पढ़ता है, उसी से उसका व्यक्तित्व निर्माण व भविष्य निर्धारित होता है। बच्चों के उजले चेहरे देश के सुंदर भविष्य के द्योतक होते हैं। इसलिए देश भविष्य को सुंदर व सुखद बनाने के लिए बच्चों का सर्वांगीण विकास आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। व्यक्तित्व निर्माण में सद साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान होता है। माता-पिता व गुरु के बाद पुस्तकें व सद साहित्य ही व्यक्ति का श्रेष्ठ मार्गदर्शक होता है। पहले दादा-दादी, नाना-नानी व घर के अन्य बुजुर्गों द्वारा बच्चों को देवी-देवताओं, राजा-महाराजाओं, पशु-पक्षियों व अन्य पौराणिक व ऐतिहासिक चरित्रों को आधार बनाकर सुनाई जाने वाली कथा-कहानियां शिक्षा का एक अहम अंग हुआ करती थीं, जो मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों के बौद्धिक, नैतिक व मानसिक विकास में सहायक बनती थी। बाद में बाल साहित्य ने भी इसमें जगह बना ली। हममें से कई लोग और हमारे पहले व बाद की पीढ़ी के भी कई लोगों ने स्वस्थ बाल साहित्य से काफी कुछ सीखा है। जीवन में ज्ञान, बुद्धि, विनय, विवेक, दया, परोपकार, सत्य, सदाचार व अहिंसा जैसे जैसे उद्दात्त नैतिक मूल्यों, गुणों, आदर्शों व सिद्धांतों का महत्व पता चला और ये हमारे व्यक्तित्व निर्माण या विकास में अत्यंत सहायक बने। हमारे ऋषि-मुनि, धर्मग्रंथकार व नीति निर्धारणकर्ता अत्यंत दूरदृष्टा थे, जिन्होंने इंसान के मनोविज्ञान को समझकर ही धर्म व नीति अनुकूल संदेश उन तक पहुंचाने के लिए कथा-कहानियों का सृजन किया। पिछले कुछ वर्षों में स्कूली शिक्षा में जो नवाचार प्रक्रिया अपनाई जाने लगी है, उनमें भी बच्चों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए कथा-कहानियों को एक माध्यम बनाया रहा है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि बच्चों को शिक्षा देने के तरीके मनोरंजक होना चाहिए। मनोचिकित्सकों के अनुसार किसी भी बात को मनोरंजन के जरिये बच्चों के मस्तिष्क में आसानी से पहुंचाया जा सकता है। चित्रकथा इसका अधिक बेहतर माध्यम हो सकती है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि बच्चों को चित्रों के माध्यम से जो जानकारी दी जाती है, उसका प्रभाव उनके मस्तिष्क पर स्थायी छाप छोड़ता है। चित्रकथा देखने-पढ़ने के बाद बालक को अर्थ ग्रहण करने की ऐसी किसी प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ता है, जैसा कि उसे किसी कहानी-कथा को सुनने या पढ़ने के बाद उसका अर्थ ग्रहण करने के दौरान गुजरना पड़ता है। इस दृष्टि से बोलते चित्रों का महत्व काफी बढ़ जाता है। अब इसे दुर्भाग्य कहा जाए या विडंबना कि आज का बच्चा टेलीविजन व वीडियो गेम की चकाचौंध में गुम होकर रह गया है। स्वस्थ बाल साहित्य से उनका दूर-दूर तक का नाता नजर नहीं आता। टेलीविजन का छोटा पर्दा हो या मोबाइल, बच्चों के स्वस्थ विकास में सहायक होने के बजाय सांस्कृतिक प्रदूषण फैलाने वाले माध्यम बन कर रह गए हैं। वर्तमान में छोटे पर्दे के अधिकांश कार्यक्रम या एनिमेशन फिल्में बच्चों में हिंसा, द्वेष व वैमनस्यता के भाव पैदा कर रही हैं और बच्चों के मन-मस्तिष्क पर आघात पहुंचा रही हैं। इससे कई सामाजिक व मनोवैज्ञानिक विकृतियां फैल रही हैं। बच्चों के स्वास्थ्य पर भी गहरा असर पड़ रहा है। इनमें मानवीय संवेदनाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए कोई जगह नजर नहीं आती। यही वजह है कि हमारे देश में बाल अपराधों की संख्या का ग्राफ दिन-ब-दिन ऊंचा उठता जा रहा है। हिंसा के साथ-साथ छोटे पर्दे व मोबाइल पर वीडियो फिल्मों आदि में प्रसारित अश्लीलता के ज्वार से किशोरावस्था में पहुंच चुके या पहुंच रहे बच्चों के कोमल मन गहरे से प्रभावित हो रहे हैं और उनकी मानसिकता व संवेदना दूषित हो रही है। यह अश्लीलता व सेक्स उन्हें न केवल लुभाने लगा है बल्कि कच्ची उम्र में ही वयस्कता के अनुभवों से 'तर' करने लगा है। पिछले कुछ वर्षों में किशोरवय बच्चों द्वारा सहपाठी या साथी अथवा अन्य मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म किये जाने की घटनाएँ भी तेजी से बढ़ीं हैं। ठीक इसी तरह नशे की प्रवृति का विकास हो रहा है और कोमल पौधे पनपने से पहले मुरझा रहे हैं। ऐसे में बच्चों को टेलीविजन व मोबाइल द्वारा फैलाए जा रहे ऐसे सांस्कृतिक प्रदूषण से बचाने के लिए शिक्षाप्रद बाल साहित्य से जोड़ा जाना नितांत आवश्यक ही नही अनिवार्य है। इस विषय मे गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन दर्शन भीतरी पराधीनता से मुक्ति



संकलित
दर्शन

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाती बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं - कई स्तरों पर, कई रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।'

## जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?



संकलित
प्रेरणा

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियाँथीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहाः लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछाः क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोलाः पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इन्द्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी। यह बात हमें भी अपने जीवन में उतार लेनी चाहिए।

अंतर्मन




आज की पाती

### राष्ट्र निर्माता के रूप में गृहणियों की भूमिका

जून 2026 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक निर्णय देते हुए गृहणियों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा प्रदान की। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गृहणियों के योगदान को राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माता कहना न केवल महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि समाज की सोच में सकारात्मक परिवर्तन का भी संकेत है। यह महत्वपूर्ण फैसला सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने सुनाया। दोनों न्यायाधीशों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गृहणियां केवल घर संभालने वाली महिलाएं नहीं हैं, बल्कि वे राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। यह मामला वर्ष 2001 में पंजाब में हुई एक सड़क दुर्घटना से जुड़ा था। दुर्घटना में रेशमा नामक महिला की मृत्यु हो गई थी। उसके पति और बच्चों ने मुआवजे की मांग की थी। उच्च न्यायालय के बाद अब जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, तो महिला के परिजनों को न्याय मिला।

**- वसुंधरा कश्यप**, राजनांदगांव

ट्रेंड

### भारत का पक्ष



एवियन में जी- 7 समिट के दौरान मेरी कई उपयोगी बैठकें और बातचीत हुईं। मुझे गवर्नेंस और पॉलिसी बनाने के अहम मुद्दों पर भारत का पक्ष और प्रयास रखने का मौका मिला।

**- नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### आत्मनिर्भर भारत



डिफेंस सेक्टर में 'आत्मनिर्भर भारत' की मज़बूत नींव सिर्फ़ बड़े हथियारों व प्लेटफार्म पर ही नहीं, बल्कि उनके पीछे काम करने वाले अहम पुर्ज़ों पर टिकी है। यंत्र इंडिया इन्हीं 'बुनियादी उत्पादों' के ज़रिए देश की रक्षा क्षमताओं को मज़बूत कर आत्म निर्भरता के लक्ष्य को गति दे रहा है।

**- राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री

### बीजेपी सरकार की मंशा



बीजेपी सरकार की मंशा है कि करापुर की ज़मीन बिल्डरों को सौंपकर उसे पूरी तरह बर्बाद कर दिया जाए। करापुर के स्थानीय लोग अपने शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज़ाद मैदान आना चाहते थे, लेकिन उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

**-अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### निंदनीय हरकत



दूसरे राज्यों से अपराधियों को यूपी बुलाकर माहौल खराब करने की बीजेपी की हरकत बेहद निंदनीय है। सपा सांसद राजीव की कोशिशों से जनहित में "मऊ-आनंद विहार ट्रेन" शुरू की गई, लेकिन उद्घाटन के मौके पर माहौल तनावपूर्ण बना दिया गया।

**-अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

करंट अफेयर

## भारत ने संरा में पाकिस्तान को 'भस्मासुर देश' दिया करार



भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करते हुए उसे 'भस्मासुर देश' करार दिया और कहा कि जब उसका 'अपना ही राक्षस उसे डसता है' तो वह हैरान रह जाता है। नयी दिल्ली ने बुधवार को यह बात इस्लामाबाद पर आतंकवादियों को ''पनाह देने, प्रशिक्षण देने और उनका इस्तेमाल करने'' का आरोप लगाते हुए कही। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कड़ी टिप्पणी तब की जब पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त की वार्षिक रिपोर्ट पर हुई चर्चा के दौरान जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। सिंह ने कहा, 'पाकिस्तान और ओआईसी की ओर से दिए गए संदर्भ के जवाब में भारत को उत्तर देने के इस अधिकार का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। हम पाकिस्तान के निराधार और दुर्भावनापूर्ण आरोपों को पूरी तरह से खारिज करते हैं।' उन्होंने कहा, 'हम ओआईसी की ओर से जम्मू-कश्मीर के बारे में की गई बातों को भी पूरी तरह से खारिज करते हैं... साफ तौर पर कहें तो, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। एकमात्र अनसुलझा मुद्दा भारतीय क्षेत्रों पर पाकिस्तान का अवैध कब्ज़ा और उनका वापस किया जाना है।'

ऑफ बीट

## सूर्य हमारे अस्तित्व के लिए क्या आवश्यक है



आज इस बात के बहुत ज़्यादा सबूत नहीं हैं कि प्राचीन लोग मानते थे कि सूरज की रोशनी ही बीमारी को ठीक कर सकती है। इसके बजाय, इस बात के ज़्यादा सबूत हैं कि वे ठीक होने के लिए सूरज की गर्मी का इस्तेमाल करते थे। एबर्स पेपीरस ईसा पूर्व 1500 साल के आसपास का प्राचीन मिस्र का चिकित्सा 'स्क्रॉल' है। इसमें ''नसों को लचीला बनाने'' के लिए मरहम बनाने की विधि दी गई है। यह मरहम शराब, प्याज, कालिख, फल और पेड़ के अर्क लोबान और लोहबान से बनाया गया था। इसे लगाने के बाद, व्यक्ति को ''सूर्य के प्रकाश में रखा जाता था।'' उदाहरण के लिए, खांसी के इलाज के लिए अन्य नुस्खों में विभिन्न सामग्री को एक बर्तन में डालकर धूप में रखना शामिल था। यही तकनीक चिकित्सा लेखन में भी है जिसका श्रेय यूनानी चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स को दिया जाता है जिनका काल लगभग 450-380 ईसा पूर्व माना जाता है। लगभग 150 ई. में आधुनिक तुर्की में सक्रिय रहे चिकित्सक एरेटियस ने लिखा था कि सूर्य का प्रकाश सुस्ती सहित कई बीमारियों को ठीक कर सकता था। इसमें वह बीमारी भी है जिसे हम आज अवसाद के रूप में पहचानते हैं। सुस्ती मिटाने का अर्थ है प्रकाश में लेटना, सूर्य की किरणों के संपर्क में आना; तथा अपेक्षाकृत गर्म स्थान में रहना।

अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# ‘एयरफोर्स’ नीट का पेपर लेकर पहुंची सरगुजा सीआरपीएफ की सुरक्षा में होगा वितरण

मेडिकल कॉलेज में यूजी कक्षाओं में प्रवेश हेतु नीट की परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। पेपर लीक होने के बाद फिर से इस परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार परीक्षा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

नीट का पेपर एयरफोर्स सरगुजा पहुंची और पेपर को फिलहाल बैंक में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है। वहीं पेपर का डिस्ट्रीब्यूशन भी सीआरपीएफ की कड़ी व्यवस्था के बीच किया जाएगा। इधर परीक्षा को लेकर एनटीए द्वारा भी विशेष गाइड लाइन जारी किए गए है जिसका पालन अभ्यर्थियों को करना होगा। बड़ी बात यह है कि पिछले बार की तुलना में नीट परीक्षा देने वालों की संख्या 273 बढ़ गई है। बता दें कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट यूजी परीक्षा का आयोजन 3 मई को किया गया था लेकिन बाद में परीक्षा के पेपर लीक हो गए। जिसके बाद इस परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया था। एक बार फिर से एनटीए द्वारा नीट यूजी (2026) की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। 21 जून को दोपहर 2 से शाम 5.15 बजे तक आयोजित की जाएगी।

खास खबर

## परीक्षा की तैयारियां पूर्ण, इस बार 5212 ने कराया पंजीयन

### निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करना अनिवार्य

इस बार भी नीट परीक्षा में निर्धारित ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य किया गया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र का एक दिन पूर्व अवलोकन करने तथा परीक्षा दिवस पर कम से कम तीन घंटे पहले केन्द्र पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि फ्रिस्किंग एवं पहचान सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके। परीक्षा के लिए हल्के रंग के आधी बांह वाले वस्त्र पहनकर आने की अनुमति होगी, जबकि काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी अथवा गहरे चॉकलेटी रंग के वस्त्र पहनना प्रतिबंधित रहेगा।




### पूरी हो गई है तैयारी

नीट की परीक्षा को लेकर एनटीए के निर्देशों के तहत तैयारियां पूरी कर ली गई है। नीट का पेपर लेकर एयरफोर्स की टीम सरगुजा पहुंची थी और पेपर को सुरक्षित बैंक में रखा गया है। पेपर का डिस्ट्रीब्यूशन भी कड़ी सुरक्षा के बीच होगा।

-अजीत वसंत, कलेक्टर सरगुजा

### लाने होंगे ये दस्तावेज

अभ्यर्थियों को एनटीए द्वारा अपलोड किए गए नवीन प्रवेश पत्र की स्पष्ट रंगीन प्रति साथ लाना अनिवार्य होगा, जिससे उसकी मूल पहचान पत्र से मिलान किया जा सके। इसके अतिरिक्त एक अतिरिक्त पासपोर्ट आकार का फोटो तथा 4 बाई 6 इंच का पोस्टकार्ड आकार का फोटो भी निर्धारित प्रपत्र पर चिपकाकर साथ लाना होगा।

### सुबह 11 बजे खुलेंगे, दोपहर 1.30 बजे बंद हो जाएंगे गेट

21 जून को शहर के 13 केन्द्रों में नीट की परीक्षा होगी। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू होनी है लेकिन परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को कड़ी जांच व्यवस्था से गुजरना पड़ेगा। जांच के लिए केन्द्रों को सुबह 11 बजे से ही खोल दिया जाएगा। एनटीए द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार धार्मिक अथवा पारंपरिक परिधान जैसे हिजाब, पगड़ी अथवा कृपाण धारण करने वाले अभ्यर्थियों को दोपहर 12.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। अभ्यर्थियों को दोपहर 1.15 बजे तक अपनी निर्धारित सीटों पर बैठना प्रारंभ करना होगा, जबकि 1.30 बजे के पश्चात किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। एनटीए द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 1.30 बजे एवं 1.45 बजे निरीक्षकों द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए जाएंगे। प्रवेश पत्रों की जांच की जाएगी।

# शहर की पॉश कालोनी में पांच साल के बच्चे पर कुत्तों का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



- शरीर के कई हिस्सों में नाखून और काटने के निशान

शहर की पॉश कॉलोनियो में शामिल सनसिटी एनएक्स में आवारा कुत्तों ने 5 साल के बच्चे पर हमला कर दिया। कुत्तों के झुंड के इस हमले में बच्चे को काफ़ी चोट भी आई। हालांकि बच्चा अब सामान्य है। बताया गया की घटना के दौरान एक युवक के बीच में आने से कुत्तो को भगाया जा सका। घटना गुरुवार शाम की है। बच्चा उस कॉलोनी का ही रहवासी है, वह पैदल सड़क पर चल रहा था। इस दौरान ही वाहन मौजूद कुत्तो ने उसपर हमला कर दिया। कुत्तो ने उसे जमीन पर गिराकर घसीटा और शरीर के कई हिस्सों को बुरी तरह से नोंच लिया, जांघ में दांत से काटने के निशान भी दिखे हैं। इस दौरान वहां मौजूद एक शख्स ने कुत्तों के झुंड से बच्चे को छुड़ाया।


## कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-273990 E-mail: cmo_malhar@rediffmail.com

क्र./643/निविदा/न.पं./2026-27 मल्हार, दिनांक 18/06/2026

**// द्वितीय ऑनलाईन निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा फार्म 'B' में प्रतिशत दर में कम/एस.ओ.आर. दर/अधिक निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु द्वितीय ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 193677 | स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अन्तर्गत सुखे एवं गीले कचरे के प्रबंधन हेतु प्रस्संकरण संयत्रों की स्थापना तथा स्थापित संयंत्रों के उन्नयन कार्य। (27.41 लाख) | 18.06.2026 17:30 | 03.07.2026 17:30 | 07.07.2026 16:00 | 07.07.2026 17:30 |

**टीप:-** (1) यह जानकारी www.cg.uad.gov.in एवं https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती हैं। (2) उपरोक्त कार्यों की निविदा शर्तें / विस्तृत द्वितीय ई-निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण विभाग शाखा में / ऑनलाईन अवलोकन किया जा सकता हैं। (3) अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मल्हार

## कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) बालोद छ.ग.

Fax-07749-223915 Email-id actwd.balod@gmail.com

क्रमांक/281/आ.जा.क./ डी.एम.एफ./2025-26 बालोद, दिनांक 12.06.2026

**!! निविदा आमंत्रण !!**

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन दर अनुसूची दर पुस्तिका छ०ग० शासन रायपुर दिनांक 20.04.2026 से (समस्त संशोधन सहित) प्रभावशील है। एस.ओ.आर पद्धति के तहत पंजीकृत डाक (ए.डी.) स्पीड पोस्ट के माध्यम से वर्ष 2025-26 में जिले के पो./प्री.मै.अ.जा./अनु.जन.जा./अन्य.पि.वर्ग कन्या/बालक छात्रावास / आश्रमों में आल इन वन स्ट्रीट लाईट के लिये ई प्रोक्यूरमेंट खुली निविदा के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित किया जाता है। जिसका विवरण निम्नानुसार है ।

| क्र. | छात्रावास/आश्रम | स्थान का नाम | विकास खण्ड का नाम | कार्य की प्रशा. स्वीकृत राशि (रूपये में) | प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्री.मै. आदि. कन्या छात्रावास | बालोद | बालोद | 65000.00 | 1000.00 |
| 2 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | बालोद | बालोद | 65000.00 | 1000.00 |
| 3 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | अमलीडीह | बालोद | 65000.00 | 1000.00 |
| 4 | प्री.मै. आदि. कन्या छात्रावास | अमलीडीह | बालोद | 65000.00 | 1000.00 |
| 5 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | बरही | बालोद | 65000.00 | 1000.00 |
| 6 | प्री.मै.अनु.जा. बालक छात्रावास | बालोद | बालोद | 65000.00 | 1000.00 |
| 7 | विभा.पि.व. प्री.मै. बालक छात्रवास | बालोद | बालोद | 65000.00 | 1000.00 |
| 8 | आदिवासी बालक आश्रम | अमलीडीह | बालोद | 65000.00 | 1000.00 |
| 9 | पो.मैःआदि. बालक छात्रावास | बालोद | बालोद | 65000.00 | 1000.00 |
| 10 | पो.मै. आदिवासी कन्या छात्रावास | बालोद | बालोद | 65000.00 | 1000.00 |
| 11 | पो मै.अनु.जाति कन्या छात्रावास | बालोद | बालोद | 65000.00 | 1000.00 |
| 12 | पो.मै अ. पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास | बालोद | बालोद | 65000.00 | 1000.00 |
| 13 | प्री.मै. सूरज बालक छात्रावास | डौण्डी | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 14 | प्री.मै. आदि. कन्या छात्रावास | चिखलाकसा | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 15 | प्री.मै. आदि. कन्या छात्रावास | डौण्डी | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 16 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | दल्ली राजहरा | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 17 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | चिखलाकसा | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 18 | प्री.मै. नेहरु आदि. बालक छात्रावास | डौण्डी | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 19 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | बेलोदा | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 20 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | गुदुम | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 21 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | भर्रीटोला | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 22 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | सुरडोंगर | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 23 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | आमाडुला | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 24 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | मंगलतराई | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 25 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | नर्राटोला | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 26 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | बिटाल | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 27 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | भैंसबोड़ | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 28 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | कुसुमकसा | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 29 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | घोटिया | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 30 | प्री.मै.आदि. बालक छात्रावास | मरदेल | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 31 | प्री.मै.आदि. बालक छात्रावास | कोटागांव | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 32 | प्री.मै.आदि. बालक छात्रावास | साल्हे | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 33 | प्री.मै.अ.ज.जा.बा.छा. आ. डौण्डी क्र.1 | डौण्डी | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 34 | प्री.मै.अ.ज.जा.बा.छा.आ. डौण्डी क्र. 2 | डौण्डी | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 35 | क्रीड़ा परिसर डौण्डी | डौण्डी | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 36 | आदिवासी कन्या आश्रम | कुसुमकसा | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 37 | आदिवासी कन्या आश्रम (माध्य.) | डौण्डी | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 38 | आदिवासी बालक आश्रम | आमाडुला | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 39 | आदिवासी कन्या आश्रम (माध्य.) | घोटिया | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 40 | पो मैं आदि बालक छात्रावास | द. राजहरा | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 41 | पो.मै.आदि. कन्या छात्रावास | डौण्डी | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 42 | पो.मै.आदि.बालक छात्रावास | डौण्डी | डौण्डी | 65000.00 | 1000.00 |
| 43 | प्री.मै. आदि. कन्या छात्रावास | डौंडीलोहारा | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 44 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | बड़गांव | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 45 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | रेंगाडबरी | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 46 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | अरजपुरी | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 47 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | भंवरमरा | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 48 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | बंजारी | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 49 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | कमकापार | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 50 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | मंगचुवा | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 51 | प्री.मै.आदि.बालक छात्रावास | डौंडीलोहारा | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 52 | प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास | दुधली | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 53 | आदिवासी कन्या आश्रम | बड़े जुगेरा | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 54 | आदिवासी कन्या आश्रम | कोड़ेकसा | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 55 | आदिवासी बालक आश्रम | कोड़ेकसा | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 56 | आदिवासी बालक आश्रम | हितापठार | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 57 | आदिवासी बालक आश्रम | लुरकाझर | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 58 | आदिवासी बालक आश्रम | दुर्गीटोला | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 59 | आदिवासी बालक आश्रम | रायगढ़ | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 60 | पो.मै.आदि. बालक छात्रावास | डौंडीलोहारा | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 61 | पो.मै.आदि. कन्या छात्रावास | डौंडीलोहारा | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 62 | पो.मै.आदि. कन्या छात्रावास | मंगचुवा | डौंडीलोहारा | 65000.00 | 1000.00 |
| 63 | प्री.मै. आदि. कन्या छात्रावास | बड़भूम | गुरूर | 65000.00 | 1000.00 |
| 64 | आदिवासी बालक आश्रम | बड़भूम | गुरूर | 65000.00 | 1000.00 |
| 65 | **योग** | | | **50,70,000.00** | **64000.00** |

नोट- 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि प्रति संस्था 02 माह । 2. प्रति कार्यों में ठेकेदार की श्रेणी “डी” क्लास या उससे ऊपर ।

टीपः - संस्थाओं की सूची, निविदा की शर्तें व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/में देखी जा सकती है

G-262701591/4

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास बालोद


## विशेष बैठक में संरक्षण पर बनी रणनीति

# धर्मांतरण के खिलाफ 4 गांवों की हुंकार, आस्था पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर/दुर्गूकोंदल

**खास बातें**

- ग्रामसभा में अध्यक्ष मांझी गायता पेनो पुजारी ने की चर्चा
- ग्राम सभाओं को मजबूत कर बचाएंगे सांस्कृतिक विरासत



आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक आस्था और सामाजिक एकता को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से 84 परगना गढ़ बांसला अंतर्गत ग्राम विक्रमगंज में बैठक आयोजित की गई। माई दंतेश्वरी के पावन स्थल पर आयोजित इस बैठक में चार गांवों के ग्रामीणों ने एकजुट होकर कथित अवैध धर्मांतरण की गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की तथा समाज की परंपराओं, संस्कृति और अस्मिता की रक्षा के लिए सामूहिक रणनीति तैयार की। 84 परगना गढ़ बांसला में शुक्रवार 19 जून को आयोजित विशेष बैठक में बोटेचांग, विक्रमगंज, जुनवानी और कोकड़े गांवों के ग्राम प्रमुख, ग्राम सभा अध्यक्ष, मांझी-मुखिया, गायता, पेनो पुजारी तथा समाज के वरिष्ठजनो ने आदिवासी समाज की परंपराओं, सांस्कृतिक धरोहर, धार्मिक आस्थाओं और सामुदायिक जीवन पद्धति पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान उसकी लोक परंपराओं, रीति-रिवाजों, देवी-देवताओं, पर्व-त्योहारों और सामुदायिक व्यवस्था से जुड़ी हुई है। यही सांस्कृतिक विरासत समाज की शक्ति और अस्तित्व का आधार है। ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अनुसूचित एवं पेसा क्षेत्रों में कथित रूप से हो रही अवैध धर्मांतरण की गतिविधियां समाज की सांस्कृतिक जड़ों और पारंपरिक जीवन मूल्यों के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। इस विषय पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने और समाज को संगठित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

### ग्रामसभा को सशक्त बनाना जरूरी

समाज के वरिष्ठजनों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि ग्राम सभाएं आदिवासी समाज की सबसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक इकाई हैं। इन्हें और अधिक सशक्त बनाकर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक विषयों पर सामूहिक निर्णय लेने की परंपरा को मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के सभी लोगों से अपने धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया, ताकि परंपरागत मूल्यों का संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित हो सके।

### बैठक में लिया संकल्प

आयोजित बैठक के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने समाज की एकता, सांस्कृतिक संरक्षण, पारंपरिक आस्थाओं के सम्मान और सामाजिक जागरूकता के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक एकजुटता और जागरूकता के माध्यम से समाज अपनी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा।

### युवाओं को संस्कृति से जोड़ना जरूरी

आयोजित बैठक में यह भी कहा गया कि वर्तमान समय में युवाओं को अपनी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए गांव-गांव में संवाद कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजन और सामाजिक जागरूकता अभियान संचालित किए जाएंगे। ग्रामीणों ने समाज के भीतर एकजुटता को मजबूत करने तथा आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के लिए सामूहिक प्रयास करने की बात कही।

# सूरज की रौशनी में हुई जनशताब्दी सिग्नल ओवरशूट, जांच शुरु

**बिलासपुर।** सूरज की रौशनी में रेड सिग्नल दिखाई नहीं दिया और चालक ने जनशताब्दी एकसप्रेस को सिग्नल से आगे बढ़ा दिया। ओवरशूट की घटना के बाद जोन और डिवीजन स्तर पर हड़कंप मच गया, जिसके बाद रेल अफसरों ने तत्काल जांच कमेटी गठित कर दी।

रायगढ़ से बिलासपुर, रायपुर होकर गोंदिया और गोंदिया से बिलासपुर होकर रायगढ़ तक चलने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस का परिचालन सप्ताह में 6 दिन किया जा रहा है। ट्रेन सुबह रायगढ़ से बिलासपुर 8.45 बजे और शाम को 7 बजकर 35 मिनट पर पहुंचती है। इसमें रायगढ़, बिलासपुर के साथ दुर्ग के लोको पायलट, असिस्टेंट लोको पायलट और वापसी में गोंदिया के ट्रेन मैनेजर व चालक एवं परिचालक ड्यूटी करते हैं। प्रतिदिन की तरह गुरुवार की दोपहर 12070 गोंदिया से रायगढ़ आने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस ढ़ाई बजे रवाना की गई थी।

डोंगरगढ़ और राजनांदगांव स्टेशन से रवाना होने के बाद दुर्ग स्टेशन पहुंचने से पहले रसमड़ा स्टेशन जनशताब्दी एक्सप्रेस रेड सिग्नल होने के बाद भी आगे बढ़ गई। रेड सिग्नल क्रास करने और सिग्नल ओवरशूट की घटना की सूचना मिलते ही बिलासपुर जोनल मुख्यालय और डिवीजन स्तर पर हड़कंप मच गया। इस ट्रेन में दुर्ग के स्टाफ लोको पायलट एके तिवारी, सहायक चालक आशीष तिवारी के साथ गार्ड बहादुर सिंह ड्यूटी कर रहे थे।

# मेड़ पर नाली निर्माण किसान ने पीया जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



पंचायत द्वारा खेत की मेड़ पर नाली निर्माण को लेकर भेंडरवानी के किसान युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवनकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। युवक ने गांव के सरपंच पर मनमानी करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित व परिजनों के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम भेंडरवानी निवासी मिथिलेश पटेल पिता जगतराम उम्र 31 वर्ष खेती किसानी का काम करता है। गांव में उसका खेत है। पंचायत द्वारा पानी निकासी के लिए नाली की खुदाई की जा रही है। नाली निर्माण के लिए युवक के खेत की मेड़ की भी खुदाई कर दी गई है जिसका किसान युवक द्वारा विरोध किया गया। पीड़ित युवक का आरोप है कि बिना किसी प्रस्ताव व पूर्व सूचना के उसके खेत की मेड़ पर नाली बनाई जा रही है। इस संबंध में युवक ग्राम पंचायत गया था, उसके बाद नाली निर्माण की बात को सरपंच मिथिलेश साहू के साथ उसका विवाद हो गया। उसके बाद युवक घर आ गया। खेत की मेड़ पर हो रहे नाली निर्माण की बात से परेशान होकर युवक ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर बड़े भाई ने डायल 112 को सूचना दी।

# वनांचल क्षेत्र में झमाझम बारिश से उफनी आगर नदी, ढोलढोली रपटा पर बहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कबीरधाम जिले में मानसून अब धीरे-धीरे सक्रिय होता नजर आ रहा है। विशेषकर पंडरिया विकासखंड के वनांचल और पहाड़ी क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है।

शुक्रवार को ग्राम पुटपुटा और सेंदुरखार क्षेत्र में हुई तेज बारिश के चलते स्थानीय आगर नदी में साल की पहली बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई, जिससे क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडरिया के वनांचल क्षेत्र में गुरुवार से रुक-रुककर लगातार बारिश हो रही है। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास शुरू हुई झमाझम बारिश काफी देर तक जारी रही। पहाड़ी और वन क्षेत्रों में हुई इस भारी वर्षा के कारण आगर नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया और पुटपुटा-सेंदुरखार मार्ग पर स्थित ढोलढोली रपटा के ऊपर से पानी बहने लगा।




## खबर संक्षेप

### अद्वित ज्वेल्स का आईपीओ 23 जून को निवेशकों के लिए खुलेगा



**नई दिल्ली।** आभूषण क्षेत्र की कंपनी अद्वित ज्वेल्स लिमिटेड का आईपीओ 23 जून को खुलेगा। कंपनी ने इस आईपीओ के लिए 130 से 138 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। यह आईपीओ पूरी तरह 1.19 करोड़ नए शेयरों के निर्गम पर आधारित है। इसके जरिये 165.15 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य है।

### रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 94.34 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को शुरुआती बढ़त खोते हुए अंत में छह पैसे मजबूत होकर 94.34 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी ने निवेशकों की धारणा पर दबाव डाला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया शुरुआत में सकारात्मक रुख के साथ खुला था।

## आरबीआई के एक लाख करोड़ रुपए के वीआरआर को सुस्त प्रतिक्रिया

# आरबीआई की वीआरआर नीलामी में बैंकों की मांग रही काफी सुस्त

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक लाख करोड़ रुपये की तीन दिन की 'परिवर्ती दर रेपो' (वीआरआर) नीलामी को शुक्रवार को बैंकों की सुस्त प्रतिक्रिया मिली जो अल्पकालिक धन की सीमित आवश्यकता का संकेत देती है।

केंद्रीय बैंक को वीआरआर नीलामी में बैंकों से एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले 16,750 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। आरबीआई ने नीलामी में पूरी राशि को 5.26 प्रतिशत की 'कट-ऑफ' और भारित औसत दर पर स्वीकार कर लिया। बैंकिंग प्रणाली में नकदी की स्थिति अधिशेष में बनी रही, हालांकि इसका स्तर अपेक्षाकृत कम रहा।

### अल्पकालिक धन की मांग सीमित

वीआरआर नीलामी में कम भागीदारी यह संकेत देती है कि आरबीआई द्वारा परिवर्तनीय दर रेपो परिचालन के माध्यम से नकदी समर्थन दिए जाने के बावजूद बैंकों में अल्पकालिक धन की मांग सीमित रही।आरबीआई अल्पकालिक नकदी प्रबंधन और ओवरनाइट दरों को नीतिगत दर गलियारे के अनुरूप बनाए रखने के लिए वीआरआर नीलामियां आयोजित करता है।

### 18 जून को नकदी अधिशेष करीब 19,163 करोड़ रुपए रहा

आरबीआई के पास उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 18 जून तक प्रणाली में नकदी अधिशेष करीब 19,163.11 करोड़ रुपये रहा। पिछले दिन की तुलना में नकदी की स्थिति में मामूली सुधार हुआ, लेकिन यह अब भी कम स्तर पर बनी रही, जो बैंकिंग प्रणाली में अपेक्षाकृत सख्त परिस्थितियों को दर्शाती है।

- अल्पकालिक धन की सीमित आवश्यकता का संकेत
- अधिसूचित राशि के मुकाबले 16,750 करोड़ रुपए की बोलियां मिली
- नीलामी में पूरी राशि को 5.26 प्रतिशत को कट ऑफ पर स्वीकार किया गया



### अलग-अलग ब्याज दर पर बैंकों को पैसा उधार दिया जाता है

यह वीआरआर की व्यवस्था के तहत बैंकों को अलग-अलग ब्याज दरों पर बोली के जरिये पैसा उधार देता है। नकदी दबाव को कम करने और ओवरनाइट मनी मार्केट दरों को नियंत्रित रखने के लिए केंद्रीय बैंक ने पिछले कुछ दिनों में विभिन्न अवधियों की वीआरआर नीलामी के जरिए करीब 1.89 लाख करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली है।

### 18 जून को दो नीलामी की गई

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, इसमें 18 जून को दो नीलामियों के जरिये 72,300 करोड़ रुपये, 16 जून को सात दिन की वीआरआर नीलामी के जरिए 89,440 करोड़ रुपये और 15 जून को ओवरनाइट नीलामी के जरिये डाले गए 28,220 करोड़ रुपये शामिल हैं।

### मुद्रास्फीति के व्यापक फैलाव को लेकर रहना होगा सतर्क

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के दौरान आने वाले समय में मुद्रास्फीति के व्यापक फैलाव को लेकर सतर्क रहने की जरूरत बतायी। मल्होत्रा ने नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने के पक्ष में मतदान करते हुए यह बात कही थी।

### रेपो दर 5.25 फीसदी पर रखने का फैसला

आरबीआई ने तीन से पांच जून के बीच हुई एमपीसी बैठक की कार्यवाही का ब्योरा शुक्रवार को जारी किया। समिति के अन्य पांचों सदस्यों ने भी नीतिगत रेपो दर को अपरिवर्तित रखने के पक्ष में मतदान किया था।

## रहेजा अवाना के 'एक्सपीरियंस सेंटर' का कंचना में आज होगा भव्य शुभारंभ



**रायपुर।** तेज़ी से विकास की नई इबारत लिख रहे छत्तीसगढ़ ने आज ग्लोबल लाइफस्टाइल की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है। अब तक हमारे प्रदेश के लोग दुबई, सिंगापुर या देश के बड़े महानगरों (मुंबई, बेंगलुरु) की मॉडर्न लाइफस्टाइल देखकर यही सोचते थे कि 'हमारे शहर में ऐसा कब होगा?' आज छत्तीसगढ़वासियों का यह सपना हकीकत में बदल गया है। प्रदेश की माटी से जुड़े और पिछले दो दशकों से यहाँ के सबसे भरोसेमंद रियल एस्टेट ब्रांड 'रहेजा ग्रुप' छत्तीसगढ़वासियों को एक नायाब तोहफा देते हुए आज अपने अल्ट्रा-लग्ज़री प्रोजेक्ट 'रहेजा अवाना' की शानदार शुरुआत करने जा रहा है। प्रदेशवासियों को इसी ग्लोबल लाइफस्टाइल का साक्षात अनुभव कराने के लिए, रायपुर के नए 'लग्ज़री डेस्टिनेशन' कचना (कचना मेन रोड) में रहेजा अवाना के भव्य 'एक्सपीरियंस सेंटर' का ऐतिहासिक शुभारंभ किया जाएगा।

### पहली बार सिंगापुर का 'ग्लोबल विज़न'

इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खासियत है इसका इंटरनेशनल डिज़ाइन, जो छत्तीसगढ़ को सीधे ग्लोबल स्टेज पर खड़ा करता है। अब तक इंटरनेशनल लेवल का अल्ट्रा-मॉडर्न आर्किटेक्चर सिर्फ महानगरों के एलीट वर्ग तक सीमित था। लेकिन रहेजा ग्रुप ने इस पुरानी सोच को बदल दिया है। सेंट्रल इंडिया में पहला ग्लोबल लग्ज़री प्रोजेक्ट 'रहेजा अवाना' को डिज़ाइन करने के लिए एशिया के सबसे दिग्गज आर्किटेक्ट्स में से एक, सिंगापुर के एंडी फिशर को चुना गया है।

### महलों जैसी भव्यता

घरों के अंदर दिए गए डबल-हाइट लग्ज़री स्पेसेस और बेमिसाल फिनिशिंग जो आपको हर पल एक रॉयल फीलिंग देंगे। एक शानदार डेक लाउंज और 'टेंपरेचर कंट्रोल्ड स्विमिंग पूल', जो आपको हर दिन वेकेशन पर होने का एहसास कराएगा। आपकी कम्युनिटी का एक ऐसा शानदार केंद्र जहाँ प्रीमियम लाउंज, आलीशान बैंक्वेट और ख़ास पलों के लिए एक 'प्राइवेट डाइनिंग स्पेस' मौजूद है।

### विश्वस्तरीय सुविधाएं जो पहले कभी नहीं देखी गईं

रहेजा अवाना सिर्फ़ एक एड्रेस नहीं, बल्कि प्रदेश के उन चुनिंदा पारखी लोगों का 'प्राइवेट एस्टेट' होगा जो जीवन में केवल परफेक्शन ही चुनते हैं। हमारी पारंपरिक आँगन वाली संस्कृति को इंटरनेशनल टच देते हुए प्रदेश में पहली बार, हर विला में घर के अंदर ही एक 'प्राइवेट कोर्टयार्ड' दिया गया है। यहाँ आप पूरी प्राइवेसी के साथ खुली धूप और आसमान का आनंद ले सकते हैं।

### एक्सपीरियंस सेंटर

कचना में खोला गया यह 'एक्सपीरियंस सेंटर' कोई आम सेल्स ऑफिस नहीं है, बल्कि यह अपने आप में एक आर्किटेक्चरल अजूबा है। यहाँ कदम रखते ही आपको समझ आ जाएगा कि छत्तीसगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय लाइफस्टाइल कैसी होने वाली है। इटैलियन मार्बल की शानदार फिनिशिंग, प्रीमियम वुडन वर्क की गर्माहट, और स्पेस प्लानिंग का जादुई 'पीक' आपको यह महसूस कराएगा कि 'रहेजा अवाना' में आपका आने वाला कल कितना ख़ास और भव्य होने वाला है।

## भिलाई में 'एसबी बाय एटी' ज्वेलर्स के नए प्रीमियम शोरूम का भव्य शुभारंभ

**भिलाई।** मध्यभारत की प्रतिष्ठित एवं विश्वसनीय ज्वेलरी संस्था अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स ने अपने 69 वर्षों की गौरवशाली परंपरा और विश्वास की विरासत को आगे बढ़ाते हुए नेहरू नगर, भिलाई में 'एसबी बाय एटी' के नए प्रीमियम शोरूम का भव्य शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में विधायक रिकेश सेन, सांसद विजय बघेल, विधायक राजेश मूणत, पूर्व विधायक प्रेम प्रकाश पांडे तथा रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर समूह के चेयरमैन शांतिलाल बरड़िया, तिलोकचंद बरड़िया, अशोक बरड़िया, सौरभ बरड़िया एवं सिद्धार्थ बरड़िया भी मौजूद रहे।

### विश्वास, गुणवत्ता और पारदर्शिता को बताया संस्था की पहचान

समारोह को संबोधित करते हुए बरड़िया परिवार ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल आभूषणों का व्यापार नहीं, बल्कि ग्राहकों के साथ विश्वास, गुणवत्ता और पारदर्शिता का ऐसा रिश्ता कायम करना है जो पीढ़ियों तक बना रहे। नए शोरूम में पारंपरिक राजवाड़ा, जड़ाऊ, टेम्पल, गोल्ड, सिल्वर एवं डायमंड ज्वेलरी का विशेष संग्रह उपलब्ध कराया गया है।



*ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर :* सौरभ एवं सिद्धार्थ बरड़िया ने बताया कि स्थापना के 70वें वर्ष की शुरुआत के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर घोषित किए गए हैं। इसके तहत प्रत्येक तोला स्वर्ण आभूषण की खरीदी पर 7,000 रुपये का लाभ तथा स्वर्ण आभूषण एक्सचेंज पर अतिरिक्त 1,957 रुपये का लाभ 28 जून 2026 तक दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह ऑफर संस्था की स्थापना वर्ष 1957 की स्मृति को ग्राहकों के साथ साझा करने का प्रयास है।

### *अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से सुसज्जित है 'एसबी बाय एटी'*

*आधुनिक सुविधाओं, आकर्षक इंटीरियर और अंतरराष्ट्रीय स्तर की ज्वेलरी डिस्प्ले से सुसज्जित 'एसबी बाय एटी' में ब्राइडल पोल्की, डायमंड, कुंदन, एंटीक एवं टेम्पल ज्वेलरी की नवीनतम डिजाइनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में 'एसबी बाय एटी' को रिटेल ज्वेलर्स इंडिया द्वारा ब्राइडल पोल्की ज्वेलरी श्रेणी में सम्मानित किया जा चुका है। नए शोरूम के शुभारंभ के साथ संस्था ने परंपरा और आधुनिकता के अनूठे संगम की अपनी पहचान को और मजबूत किया है।*

## सोना 2,840 रुपए टूटा, चांदी भी 8,040 रुपए फिसली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत में लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही और यह 2,840 रुपये टूटकर 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गयी। वहीं, चांदी की कीमत 8,040 रुपये लुढ़क कर 2.4 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के दो महीने से अधिक के निचले स्तर पर रही। मुख्य रूप से डॉलर के मजबूत होने से कीमती धातुओं में बिकवाली हुई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,840 रुपये टूटकर 1,50,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर रही। बृहस्पतिवार को यह 1,53,440 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी।

## बिजनेस साइट

### तनिष्क ने लांच किया 'सोल्स इन सिम्फनी' नेचुरल डायमंड कलेक्शन



**नई दिल्ली।** टाटा समूह के ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क ने महिलाओं की दोस्ती, आपसी जुड़ाव और आत्मविश्वास को समर्पित अपना नया नेचुरल डायमंड कलेक्शन 'सोल्स इन सिम्फनी' लांच किया है। 100 प्रतिशत प्राकृतिक हीरों और प्राकृतिक जेमस्टोन्स से तैयार यह कलेक्शन आधुनिक महिलाओं के रिश्तों और उनके अनूठे व्यक्तित्व का उत्सव मनाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। कंपनी के अनुसार, यह कलेक्शन 18 कैरेट सोने में तैयार किया गया है, जिसमें प्राकृतिक हीरों के साथ रंगीन जेमस्टोन्स का आकर्षक संयोजन देखने को मिलता है। इसके डिजाइनों में ओपनवर्क पैटर्न, ज्योमेट्रिक फ्रेमिंग, जाली कला और फूलों-पंखों से प्रेरित नक्काशीदार आकृतियों का समावेश किया गया है। यह रेंज दैनिक उपयोग से लेकर विशेष अवसरों तक के लिए उपयुक्त बताई गई है। तनिष्क की मुख्य विपणन अधिकारी पेल्की त्शेरिंग ने कहा कि यह अभियान महिलाओं के बीच विकसित हो रहे आधुनिक रिश्तों और आत्म-अभिव्यक्ति की भावना को सामने लाता है।

### मई में सोनालीका की रिकॉर्ड ट्रैक्टर बिक्री



**नई दिल्ली।** भारत से ट्रैक्टर निर्यात में अग्रणी कंपनी सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2027 की शानदार शुरुआत करते हुए मई माह में अब तक की सर्वाधिक 17,204 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने 21 प्रतिशत की वृद्धि हासिल कर उद्योग के समग्र प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। इस अवसर पर इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड (आईटीएल) के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर रमन मित्तल ने कहा कि रिकॉर्ड बिक्री और उत्पादन भारतीय किसानों के बढ़ते विश्वास तथा कृषि क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे मशीनीकरण का संकेत है। उन्होंने कहा कि कंपनी किसानों को सशक्त बनाने और कृषि विकास में योगदान देने के लिए लगातार नवाचार और गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करती रहेगी।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**टीचर**

आवश्यकता है- प्रकाश पब्लिक इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में सोशल साइंस, विज्ञान बीएड टीचर, कंप्यूटर टीचर, क्लर्क व आया महिला स्टाफ की आवश्यकता है संपर्क - सेक्टर -11, जोन - 1, खुर्सीपार भिलाई - 9399147944. (आरो न - 297)

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- रायगढ़ एवं रायपुर की फैक्ट्रियों हेतु सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं फील्ड ऑफिसर की आवश्यकता है। वेतन : 15,000 - 18,000 प्रतिमाह। PF, ESIC रहने - खाने की व्यवस्था उपलब्ध 9201958117, 8109080600. (RO-855)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- होलसेल रेडीमेड कपड़े की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें- नंद होजयरी डिपो जय हिंद होजयरी मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल- 9243103125. (RO-227)

**हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, संपर्क करे- 6232022676. (आरो- 460)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**कुक**

आवश्यकता है- अनुभवी महिला कुक की आवश्यकता घरेलू कार्य एवं खाना बनाने हेतु। समयः शाम 5 बजे से सुबह 9 बजे तक। स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई। वेतनः 10,000 प्रतिमाह। संपर्कः 9826708233. (आरो नं.- SPD/0059)

आवश्यकता है- घरेलु काम हेतु रायपुर में आवश्यकता है - खाना बनाने वाली बाई दिनभर /24 घंटे के लिये रहने खाने की सुविधा के साथ, कामवाली बाई/लड़की २४ घंटे, कुरियर बॉय, सम्पर्क करें- 9329127874, 6262115511. (RO-089)

आवश्यकता है- रायपुर चन्दखुरी पशु अस्पताल में 15-20 कर्मचारीयों के लिए नाश्ता और दो टाईम खाना बनाना हेतु कुक की आवश्यकता हैं। अच्छा वेतन, रहने खाने की सुविधा हैं। संपर्क- 72258-88800. (RO-090)

**सिविल इंजीनियर**

आवश्यकता है- रायपुर विधानसभा रोड में निर्माण साइट वर्क के लिए मिनिमम 3वर्ष के अनुभवी एक सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है मोवा तरफ रहने वाले को प्राथमिकता संपर्क करे - 9893295998. (RO-4141)

**सेल्स मैनेजर**

आवश्यकता है- रायपुर में सुनहरा करियर अवसर रियल एस्टेट क्षेत्र में विस्तार हेतु सेल्स मैनेजर, डिप्टी सेल्स मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव एवं BDM पदों पर भर्ती। उत्कृष्ट संचार कौशल एवं अनुभव आवश्यक। आकर्षक वेतन एवं प्रोत्साहन। सम्पर्क- 9589000680. (RO-41173)

क्लासीफाईड

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- रायपुर में माल सप्लाई करने हेतु ई-रिक्शा ड्राइवर की आवश्यकता है। गोयल मार्केटिंग, पुरानी बस्ती, रायपुर 8966910009. (RO-4142)

आवश्यकता है- चाय पत्ती के फैक्ट्री में ड्राइवर की आवश्यकता है संपर्क- जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मों.- 74699-80000, 0771-4075490. (RO-864)

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 500-1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के। जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955. (RO-63586)

**स्टोर मैनेजर**

Required - Store Manager Company- Titan Watches Location - Raipur Minimum 5 years retail experience Last Designation- Assistant manager or store manager Whatsapp CV on 9589662406. (RO-667)

**मैनेजर/सेल्सकर्मी/कॉलर**

आवश्यकता है- एडवरटाइजमेंट एवं प्रिंटिंग कार्य हेतु अनुभवी मैनेजर, सेल्सकर्मी, टेलीकॉलर, ग्राफिक डिजाइनर, फ्लेक्स मशीन ऑपरेटर एवं अकाउंटेंट की आवश्यकता है। संपर्क 7869187165, 8871117007. रायपुरा रेजं रोवर शोरूम के पीछे. (RO-4143)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**मिस्त्री**

आवश्यकता है- चाइनीस एंव गुपचुप मिस्त्री चाहिए नवकार कैफे न्यु शांति नगर रायपुर छत्तीसगढ़ 9009108903. (RO-266)

**ऑफिस कार्य**

शीघ्र आवश्यकता - जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए। आयु 18से 30 वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें-, 8085533493. (Ro-367)

**मार्केटिंग मैनेजर**

आवश्यकता है- ज्वेलरी शो रूम में ग्रामीण में मार्केटिंग मैनेजर की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्र / छत्तीसगढ़ी भाषा ज्ञान। अनुभवी 3 - 5 वर्ष। आकर्षक वेतन, इंसेंटिव, यात्रा भत्ता, संपर्क :- महावीर अशोक ज्वेलर्स, सदर बाजार, रायपुर 9303415141. (RO-7399)

**सेल्समैन/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- सुपेला भिलाई मे स्थित ब्रांडेड ऑटो रिक्शा के शोरूम मे 3 सेल्समेन, 1 कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है. अनुभवी को प्राथमिकता. वेतन योग्यतानुसार. मो. - 7909929991. (आरो न - 296)

**अन्य**

आवश्यकता है- जिलास्तरीय कंपनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्ट गार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, हेतु आवेदन करे 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, उम्र सीमा (18 - 42) सैलरी- 26500/- 45500/- आवेदन हेतु - मार्कशीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, व्हाट्सएप / कॉल करे - 8400406891. (RO-091)

**Education शिक्षण**

Education- BBA B.Com BCA BA B.Sc MBA MSc Computer Science with 100% placement support, scholarship, internship and dual specialisation in Digital marketing etc. Indo Asian Academy, Bangalore www.indoasianacademy.com Email- enquiry@indoasianacademy.com/ bijaysombansi@gmail.com M- 9334421085. (RO-A)

**Property प्रापर्टी**

**कृषि भूमि**

कृषि भूमि- बोर युक्त ग्राम गुजरा भखारा पुराना रायपुर धमतरी हाइवे रोड से एक खेत अंदर 2.17 एकड़ कीमत 71 लाख प्रति एकड़ और 2.25 एकड़ धरसा रोड से 100 मीटर अंदर कीमत 37 लाख प्रति एकड़ जमीन शीघ्र बेचना है। संपर्क करे- 9630574960. (RO-863)

**जमीन**

जमीन बेचना है- दुर्ग ग्राम नगपुरा में एक एकड़ बियासी डिसमीन जमीन सर्व सुविधा युक्त डामर रोड से लगा व्यावसायिक जमीन बेचना बेचना है है संपर्क करें मोबाइल नंबर 9300604957. (RO-om)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - बंधन फाइनेंस द्वारा दुकानदार, होलसेल, कृषि लोन, ग्रुपलोन, बिजनेस लोन 2 प्रतिशत ब्याज में। 25. हजार से 30 लाख तक लोन वीकली या मंथली आसान किश्तों में। संपर्कः- 9770833099. (RO-4560)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावे की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**CLASSIFIED RATE CARD** — हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — 01 अप्रैल 2025 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
09083218330

## जैकेट के शेष

### सोशल मीडिया बना ....

**जांच का अहम बिंदु बना चाकू :** तिल्दा टीआई रमाकांत तिवारी के अनुसार पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू सबसे पहले किसके पास था और विवाद ने किन परिस्थितियों में हिंसक रूप लिया। घायल छात्र अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। छात्र के ठीक होने पर पुलिस उसका बयान दर्ज करेगी। इसके बाद घटनाक्रम की सही जानकारी दे पाने की बात पुलिस कह रही है।

### साथी को मारने ....

लहूलुहान हो गए। स्थानीय लोगों और परिजनों ने दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान अमन की मौत हो गई, जबकि घायल छात्र की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसका इलाज जारी है। सीने में चाकू लगने से अमन की मौत हुई है। वहीं दूसरे के गर्दन में चाकू लगा है।

### एक्सपर्ट व्यू ....

सामाजिक के साथ पारिवारिक निकटता कम होती जा रही है, इस कारण बच्चे सही गलत का निर्णय नहीं ले पा रहे हैं।
- डॉ. अविनाश शुक्ला, मनोचिकित्सक, स्पर्श क्लिनिक जिला अस्पताल

### टेलीग्राम पर बैन, फिर ....

रहा है कि आरोपी अमेरिकी वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क यानी वीपीएन का इस्तेमाल कर टेलीग्राम चला रहा था और उसके चैनल का नाम पेपर माफिया रखा गया था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार छात्र की पहचान आकाश चौधरी के रूप में हुई है। वह भीलवाड़ा के पटेल नगर क्षेत्र का रहने वाला है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के जरिए छात्रों को परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का दावा कर रहा था। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि उसके पास कोई वास्तविक पेपर था या वह केवल छात्रों से पैसे ऐंठने के लिए फर्जीवाड़ा कर रहा था।

**इन चीजों की है अनुमति :** सभी उम्मीदवारों को परीक्षा हॉल के भीतर पारदर्शी पानी की बोतल ले जाने की अनुमति है। जो छात्र कोई धार्मिक प्रतीक, कलावा, पगड़ी, हिजाब या अपनी आस्था से जुड़ी चीजें पहनते हैं, उन्हें परीक्षा केंद्र के अंदर जाने की इजाजत होगी। एंट्री से पहले सभी छात्रों की अनिवार्य सिक्योरिटी चेक की जाएगी। किसी भी तरह की डाउट या जानकारी के लिए छात्र एनटीए के हेल्पलाइन नंबर 011-40759000 या ईमेल neetug2026@nta.ac.in पर संपर्क कर सकते हैं।

### नीट स्टूडेंट ने ....

ने कहा- 'बेटी अवंतिका तीन बार नीट दे चुकी थी। पिछली बार रिजल्ट नहीं आने से डिप्रेशन में थी। उसने सुसाइड किया है।' पुलिस के मुताबिक, अवंतिका मौर्य धनकड़ कॉलोनी की एक निजी बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर बड़ी बहन डॉ. सपना मौर्य के साथ रह रही थी। डॉ. सपना ने बताया कि अवंतिका 3 बार नीट का एग्जाम पास नहीं कर पाई थी।

### नीट री एग्जाम ....

पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे साधारण चप्पल या कम हील वाले फुटवियर पहनकर ही आएं। हाई-हील्स पहनने वाले छात्रों की अलग से और ज्यादा चेकिंग की जा सकती है।

### 22 जून तक ....

सुनाते हुए टेलीग्राम को बड़ा झटका दिया है। गौरतलब है टेलीग्राम पर अस्थायी रोक केवल परीक्षा अवधि के दौरान फर्जी पेपर लीक, ऑनलाइन ठगी और दुष्प्रचार को रोकने के लिए उठाया गया है।

### सरकार के मंत्री ....

सरकार इसे केवल एक औपचारिक बैठक के रूप में नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की कार्य संस्कृति में सुधार और निर्णय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने की पहल के तौर पर देख रही है। बदलते प्रशासनिक और तकनीकी परिवेश में मंत्रियों को आधुनिक प्रबंधन, नीति निर्माण और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली से जोड़ने पर इस बार विशेष जोर रहेगा।

**सुशासन, तकनीक आधारित प्रशासन तक होगी चर्चा :** सूत्रों के मुताबिक शिविर में देश के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ मंत्रियों के साथ संवाद करेंगे। इनमें प्रशासनिक प्रबंधन, सुशासन, सार्वजनिक नीति, तकनीकी नवाचार, जनसेवा और विकास प्रशासन जैसे विषय शामिल होंगे। चर्चा का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी होगा कि शासन व्यवस्था को किस तरह अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीक आधारित बनाया जाए। डिजिटल प्रशासन, सेवा वितरण की दक्षता और योजनाओं की निगरानी के आधुनिक तरीकों पर भी विचार-विमर्श होने की संभावना है।

**मंत्रियों को मिलेगा नेतृत्व और प्रबंधन का प्रशिक्षण :** शिविर का फोकस केवल नीतिगत चर्चा तक सीमित नहीं रहेगा। मंत्रियों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने, प्रभावी निर्णय लेने, योजनाओं की निगरानी और परिणाम आधारित कार्य संस्कृति से जुड़े पहलुओं पर भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। जानकारों का मानना है कि राजनीतिक नेतृत्व और प्रशासनिक दक्षता के बीच बेहतर तालमेल से योजनाओं के क्रियान्वयन की गति बढ़ाई जा सकती है। यही वजह है कि विभागीय कार्यों की निगरानी और लक्ष्य आधारित प्रशासनिक मॉडल पर भी विशेष सत्र आयोजित किए जाने की तैयारी है।

**सरकार की आगामी प्राथमिकताओं की भी होगी समीक्षा :** सूत्रों के अनुसार सरकार इस अवसर का उपयोग आने वाले वर्षों की विकास रणनीति पर विचार करने के लिए भी कर सकती है। विभिन्न विभागों की उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की कार्य योजनाओं की समीक्षा होने की संभावना है। इसे सरकार के लिए एक ऐसे मंच के रूप में भी देखा जा रहा है जहां वर्तमान कार्यों का आकलन करने के साथ-साथ भविष्य की प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट किया जाएगा। इससे सरकार की विकास संबंधी सोच और कार्ययोजना को एक साझा दिशा मिलने की उम्मीद है।

**पहले के अनुभवों से सीख, इस बार परिणामों पर ज्यादा फोकस :** नवा रायपुर स्थित आईआईएम में इससे पहले भी मंत्रियों के लिए प्रशिक्षण और चिंतन कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। सूत्रों के अनुसार उन कार्यक्रमों से मिले अनुभवों को ध्यान में रखते हुए इस बार शिविर को अधिक व्यावहारिक और परिणामोन्मुख बनाया जा रहा है। प्रशासनिक हलकों में इसे एक ऐसे प्रयोग के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें राजनीतिक नेतृत्व को आधुनिक प्रबंधन के सिद्धांतों और प्रशासनिक नवाचारों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

**जनता तक योजनाओं का लाभ तेजी से पहुंचाने की कोशिश :** माना जा रहा है कि यदि मंत्री आधुनिक प्रबंधन तकनीकों, बेहतर निगरानी व्यवस्था और परिणाम आधारित कार्य संस्कृति को अपनाते हैं तो इसका सीधा असर योजनाओं के क्रियान्वयन पर पड़ेगा। इससे न केवल प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी बल्कि आम लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक तेजी और प्रभावी तरीके से पहुंच सकेगा। इसी वजह से चिंतन शिविर 3.0 को केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि शासन व्यवस्था को अधिक उत्तरदायी, आधुनिक और जन केंद्रित बनाने की व्यापक कवायद के रूप में देखा जा रहा है।

### विभागों के बीच ....

चुनौतियों और प्रशासनिक सुधारों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। विकास योजनाओं की सफलता केवल बजट और घोषणाओं पर निर्भर नहीं करती, बल्कि विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में यह शिविर प्रशासनिक तंत्र की कार्यक्षमता बढ़ाने का मंच बन सकता है।

**जम्मू कश्मीर के सांबा में पुलिस का बड़ा एक्शन**

# सांबा के ड्रग तस्कर शुन्ना की 2.08 करोड़ की संपत्ति जब्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


नारायण शर्मा उर्फ शुन्ना

जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात ड्रग तस्कर नारायण शर्मा उर्फ शुन्ना की 2.08 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त कर ली है। जांच में सामने आया कि यह संपत्ति अवैध मादक पदार्थों के कारोबार से अर्जित की गई थी। आरोपी शुन्ना पहले से ही जम्मू की केंद्रीय जेल में बंद है और उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि अवैध मादक पदार्थों के कारोबार से अर्जित संपत्ति को कानून के तहत जब्त किया गया है। जब्त की गई संपत्तियों में लगभग 48.50 लाख रुपये कीमत का एक मकान शामिल है। इसके अलावा करीब 10 लाख रुपये मूल्य की एक कार भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले ली है। अधिकारियों के अनुसार आरोपी के नाम पर लगभग 1.50 करोड़ रुपये कीमत की जमीन भी मिली, जिसे भी अटैच कर दिया गया है। कुल मिलाकर इन सभी संपत्तियों की कीमत लगभग 2.08 करोड़ रुपये आंकी गई है।

### नेटवर्क के अन्य पहलुओं की भी पड़ताल

अधिकारियों के मुताबिक मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। जांच एजेंसियां इस नेटवर्क से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार की मंशा राज्य को नशा मुक्त बनाने की है।

**जीआरएसई ने स्वदेश में किया है दूनागिरी, संशोधक और अग्रय का निर्माण**

# 21 जून को नौसेना में कमीशन होंगे तीन जहाज, पीएम करेंगे समारोह की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रविवार 21 जून को नौसेना के जंगी बेड़े में दूनागिरी, संशोधक और अग्रय नामक तीन नए प्लेटफॉर्म एक साथ शामिल होंगे। कोलकाता में एक भव्य और ऐतिहासिक समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। घरेलू और वैश्विक स्तर पर तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच तीनों जहाजों की नौसेना में आवक से बल की समूचे समुद्री क्षेत्र में रणनीतिक क्षमता, हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण और एंटी-सबमरीन युद्ध जैसे क्षेत्रों में कई गुना का इजाफा देखने को मिलेगा।

रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि तीनों जहाजों का निर्माण स्वदेश में किया गया है। डिजाइन नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने बनाया और उसके आधार पर निर्माण कार्य कोलकाता स्थित स्वदेशी शिपयार्ड गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने किया है।

### यह हैं जहाजों की खूबियां

दूनागिरी, नौसेना की प्रोजेक्ट-17-ए स्टेल्थ फ्रिगेट परियोजना का हिस्सा है। जिसमें उन्नत और अत्याधुनिक हथियार, सेंसर लगे हुए हैं। ध्वनि की गति से भी कई गुना अधिक तेजी से सतह से सतह पर सटीक मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल और मध्यम रेंज वाली सतह से हवा में मार करने वाली बराक-8 जैसी विध्वंसक मिसाइलें युद्धपोत में लगाई गई हैं। जो दूनागिरी की युद्धक क्षमता को सराहनीय रूप से बढ़ा देती हैं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा सूचना**

क्र./11/न.पा.नि./जोन क्र.01/2026 सकरी, दिनांक 19/06/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 193763 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (महामाया के पास) वार्ड क्र. 02 सकरी (प्रभारी मंत्री मद CG PWD BUILDING SOR 01.01.2015/CG PWD ELECTRICAL SOR 01.06.2020) | 10.00 | 17. 07. 2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 23/06/2026 सायंकाल में 05:31 बजे के पश्चात् प्राप्त की जा सकती है।

Green City, Clean City, Dream City.

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.01 सकरी
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.)**
दूरभाष (कार्यालय) 07781-252222
e-mailId- sdmnarayanpur@gmail.com

रा.मा.क्र./202604170500003/अ-20(3)/2025-26

**-:: उद्घोषणा-पत्र ::-**

एतद् द्वारा समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार एवं राज्य शासन की यूथ हॉस्टल योजना के तहत ग्राम नारायणपुर, पटवारी हल्का नंबर 17 नारायणपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 16/3 रकबा 4.128 हेक्टेयर में से रकबा 0.60 हेक्टेयर भूमि यूथ हॉस्टल निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण कर भूमि आवंटन प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है, जिसकी सुनवाई दिनांक 22.06.2026 को इस न्यायालय में नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आगामी सुनवाई तिथि को या इसके पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
नारायणपुर


## पेज एक के शेष

### मंत्रियों को मिला ....

क्या कर रहे हैं। उनसे चर्चा के बाद तय किया गया कि मामला प्रशासनिक है तो संदेश देने के लिए बैठक पार्टी दफ्तर की जगह सीएम हाउस में रखी जाए और मंत्रियों को तत्काल तलब किया जाए।

### पार्टी दफ्तर के स्थान पर ....

को भी बुलाया गया। बैठक में राष्ट्रीय संगठन की तरफ से क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय शामिल हुए। प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव चूंकि खुद विधायक हैं इसलिए बैठक में शामिल नहीं हुए। बतौर विधायक वे मंत्रियों की आलोचना कैसे करते, इसलिए वे बैठक से बाहर ही रहे।

### निर्माणाधीन कॉलोनी में मौत ...

गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक निर्माणाधीन कॉलोनी परिसर में जेसीबी के टायर का पंचर बनाने के बाद उसमें हवा भरी जा रही थी। सभी टायर के ऊपर और आसपास बैठे थे।इसी दौरान अचानक टायर तेज धमाके के साथ फट गया। धमाके की तीव्रता अधिक थी कि आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए और कुछ सेकंड के लिए पूरा परिसर में सन्नाटा छा गया। लोगों ने बताया कि धमाके के साथ ही हेल्पर उमाकांत कौशिक सीधे हवा में उछल गया। जमीन पर गिरते ही वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयावह था कि उसका जबड़ा तक उखड़कर दूर जा गिरा, उसे अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना के दौरान टायर पर बैठे तीन लोग भी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

**मौके पर पहुंची पुलिस, जांच शुरू :** घटना की सूचना मिलते ही चकरभाठा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, टायर की तकनीकी स्थिति क्या थी और सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं, इन सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। निर्माणाधीन परियोजनाओं में भारी मशीनों और बड़े टायरों की मरम्मत के दौरान विशेष सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता है। टीआई भावेश शंडे ने बताया कि अभी जांच की जा रही है, घायलों को इलाज के लिए भर्ती किया गया है, वहीं आसपास के लोगों से बयान लिया जा रहा है।

### सीपत का रहने वाला...

वाला था। टायर फटने से जेसीबी ऑपरेटर, मैकेनिक और एक अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है घायलों में काची झारखंड का रहने वालो ओसामा खान पिता मो साजिद मिया 32 वर्ष, पचपेड़ी निवासी अमृत यादव पिता संतोषा यादव 20 वर्ष, चकरभाठा निवासी भूपेंद्र भोसले पिता सुरेंद्र भोस्ले उम्र 36 वर्ष शामिल है।

### कैमरे में कैद हुई ....

सामने आने के बाद हादसे की भयावहता और भी स्पष्ट हो गई है। धमाके की आवाज सुनकर आसपास काम कर रहे मजदूर और कर्मचारी कुछ देर के लिए सन्न रह गए इसके बाद होश संभालते हुए घायलों के पास पहुंचे। कई लोग हादसे की भयावहता देखकर स्तब्ध रह गए।

### उपग्रहों का जाल....

एलईओ सैटेलाइट कांस्टेलेशन के विकास का मूल्यांकन कर रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि यह पहल अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों में भारत की 'आत्मनिर्भरता' को बढ़ाने की एक बड़ी कोशिश का हिस्सा है।


**भारतीय डाक विभाग**
**कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग रायपुर - 492009**

**डाकघर हेतु भवन की आवश्यकता**
**विज्ञापन**
**अभनपुर उपडाकघर हेतु अभनपुर शहर में**

लगभग 700-800 वर्गफीट के भूतल भवन की आवश्यकता है, जिसमें जल, विद्युत, टॉयलेट एवं अन्य सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध हो। इच्छुक भवन स्वामी, प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग रायपुर-492009 को अपना आवेदन, प्रस्तावित किराया, स्वीकृत नक्शा, बी I, खसरा, नगर निगम टैक्स भुगतान की रसीद एवं अन्य स्वामित्व संबंधी दस्तावेज की प्रति के साथ डाक से प्रेषित करें अथवा किसी भी कार्यालयीन दिवस में उक्त कार्यालय में जमा करें। किराये में लिये जाने वाले भवन का रजिस्ट्रार कार्यालय से किराये का अनुबंध कराया जाना अनिवार्य होगा। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 06.07.2026 है।

प्रवर अधीक्षक डाकघर, रायपुर संभाग, रायपुर-492009



**कार्यालय नगर पंचायत पाण्डातराई, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

क्र./896/न.पं./लो.नि.वि./ 2026-27 पाण्डातराई, दिनांक 18/06/2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत पाण्डातराई द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से अधोसंरचना मद अंतर्गत निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | सिस्टम नम्बर | विवरण | अनुमानित राशि (लाख में) | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 193688 | न.पं. पाण्डातराई में सर्व सुविधायुक्त मंगल भवन निर्माण | 79.01 | 08/07/2026 |
| 2 | 193689 | न.पं. पाण्डातराई में स्थित मुक्तिधाम को रेनोवेशन | 19.61 | |

शर्ते :- उपरोक्त कार्यो हेतु नियम एवं शर्ते, अमानत राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय मे कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती हैं साथ ही उक्त जानकारी विभागीय वेबसाईट http//cgeproc.cgstate.gov.in व www.uad.cg.gov.in से अवलोकन किया जा सकता हैं तथा किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभागीय वेबसाईट में अपलोड की जावेगी, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पाण्डातराई
जिला कबीरधाम (छ.ग.)



**पीएम श्री स्कूल**
**जवाहर नवोदय विद्यालय, सुपगांव,**
**जिलाः नारायणपुर, छत्तीसगढ़, पिन-494661**
**फ़ोन नंबरः 9989989146, 8770056115**
SCAN FOR TENDER FORMS

F.NO./JNV/NPR/2026-27/398 DATE: 18/06/2026

**द्वितीय निविदा अधिसूचना**

सत्र 2026-27 के दौरान पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नारायणपुर (छ.ग.) हेतु विभिन्न भण्डार सामग्रियों की आपूर्ति जैसे बिस्तर, बेकरी सामग्री, स्टेशनरी आदि एवं वाहन किराए पर संलग्न करने के लिए अधिकृत पंजीकृत डीलर/ निर्माता/ आपूर्तिकर्ता/कंपनियों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दस्तावेज रु.500/- प्रति सेट के हिसाब से विद्यालय के कार्यालय से दिनांक 16/06/26 से दिनांक 01/07/26 पूर्वाह्न 11:00 बजे तक विद्यालय से नियत तिथि के भीतर कार्यालयीन दिवस में खरीदा जा सकता है। इसके अलावा, संबंधित विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/Narayanpur/en/Tender/Tender-Forms/ अथवा एन.आई.सी. की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। हालाँकि, निविदा प्रपत्र जमा करते समय, निविदा प्रपत्र की लागत के रूप में प्राचार्य ज.न.वि. नारायणपुर के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में प्रति सेट रु.500/- की राशि जमा करनी होगी। पूर्ण रूप से सीलबंद निविदाएं मय अर्नेस्ट मनी का डिमांड ड्राफ्ट (प्राचार्य ज.न.वि नारायणपुर के पक्ष में), प्राचार्य ज.न.वि. के कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 01/07/26 अपराह्न 01:00 बजे तक होगी। सिलबंध निविदाएं भौतिक रूप से या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भी भेजा जा सकता है। निर्धारित तिथि/समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाएं विद्यालय द्वारा दिनांक 01/07/26 को अपराह्न 03:00 बजे सलाहकार समिति द्वारा प्राचार्य के कार्यालय कक्ष में खोली जाएंगी।

प्राचार्य


## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय ने पद छोड़े, गौतम ने दिया मेयर पद से इस्तीफा

**कोलकाता।** ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस में लीडरशिप का संकट शुक्रवार को और गहरा गया, जब पश्चिम बंगाल की पूर्व मंत्री ज्योति प्रिया मल्लिक ने खराब सेहत की वजह से पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। वहीं सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देब ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। टीएमसी सुप्रीमो के लंबे समय से साथी रहे मल्लिक ने कहा कि उन्होंने पार्टी लीडरशिप को अपना फैसला पहले ही बता दिया था। मल्लिक ने कहा, मैंने अपनी खराब सेहत की वजह से टीएमसी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। कुछ महीनों में मेरा ब्लड शुगर लेवल बहुत बढ़ गया है, और मुझे किडनी की बड़ी बीमारियां हैं। इन हालात में, पार्टी वर्किंग कमेटी और दूसरे पदों पर जिम्मेदारियां निभाना नामुमकिन होता जा रहा है। जब आप काम नहीं कर सकते तो किसी पद पर बने रहने का कोई मतलब नहीं है।


**कार्यालय नगर पंचायत थानखम्हरिया, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**
**Email ID - cmothankhamhariya@gmail.com**

क्र. / 307 / लो.नि.वि. / न.पं.ख. / 2026 थानखम्हरिया, दिनांक 19.06.2026

**-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-**
**Main Portal: http//eproc.cgstate.gov.in**

नगर पंचायत थानखम्हरिया में छ.ग. CG PWD Building 01.01.2015 & Road 01.01.2015 and 01.01.2025, E/M SOR 01.06.2020 And CGPHE USOR 01.06.2020 आइटम में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित निर्माण कार्य हेतु फार्म A में ऑनलाईन (Online) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | BID Due Date | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 193669 | REVAMPING OF MATERIAL FACILITY (MRF) INSTALLATION OF MACHINERY AND CONSTRUCTION OF COMPOST PLANT IN MUNICIPAL AREAS OF THANKHAMHARIYA CHHATTISGARH (2ndCall) | 29.72 | 04.07.2026 | 04 Month |
| 02 | 193670 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM WARD 03 SINHA PRESS TO WARD 10 PARMESHWARI GATE | 20.12 | 09.07.2026 | 04 Month |
| 03 | 193671 | CONSTRUCTION OF COVERED CHABUTARA IN BAAJAR (WITH SLAB) | 40.00 | 09.07.2026 | 04 Month |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल Main Portal : http//eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है। विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है। उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने पर संसोधन सूचना नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विभागीय वेबसाईट एवं कार्यालय सूचना फलक पर चस्पा किया जायेगा, जिसका पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत थानखम्हरिया
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)



**एनएमडीसी-डीएव्ही निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, नगरनार, जगदलपुर, जिला - बस्तर (छत्तीसगढ़) पिन-494001**

**प्रवेश- सूचना**
**(सत्रः 2026-27)**

एन.एम.डी.सी. स्टील लिमिटेड के द्वारा सी.एस.आर. योजना के अंतर्गत चलाये जा रहे एनएमडीसी - डीएव्ही निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, नगरनार में वेल्डर एवं मेसन ट्रेड में प्रवेश हेतु छात्र - छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

- न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :- 10वीं उत्तीर्ण
- आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 03/07/2026
- आवेदन पत्र संस्था में जमा करने की अंतिम तिथि :- 04/07/2026

(आवेदन पत्र एनएमडीसी - डीएव्ही निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, नगरनार से प्राप्त एवं जमा करने का समयः - प्रातः 11:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक सभी कार्यालयीन दिवसों में)

अधीक्षक
एनएमडीसी.डीएव्ही निजी औ.प्र.सं.
नगरनार, जगदलपुर, बस्तर (छ.ग.)


## शब्द पहेली - 6262



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -6261 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | | म | | प | र | दा | न | शी |
| पू | | क | ल | श | | छ | बी | ल | | त |
| त | ल | | | व | | ता | | | सा | ल |
| | ल | | धा | रा | प्र | वा | ह | | व | |
| म | क | ब | रा | | था | | म | हा | न | ता |
| | | | वा | दा | | मा | स | | | |
| ह | म | रा | ही | | पा | | फ | र | मा | न |
| | यू | | क | हा | नी | का | र | | य | |
| ख | र | | | थी | | र | | | का | न |
| प | | ब | र | खा | | ना | र | द | | य |
| त | र | स | खा | ना | | मा | | म | न | न |

## सूडोकु नवताल - 6272

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6271 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |



**शादी का दबाव पड़ा भारी**

केटरिंग का काम करने वाली महिला के साथ विवाहित प्रेम कर बैठा। दोनों की नजदीकियां बढ़ी और लगातार मिलने जुलने का सिलसिला शुरु हो गया। 7 दिसंबर 2025 की रात करेंगाडीह उतई निवासी विजय बांधे (24) अपनी प्रेमिका गौतम नगर सुपेला निवासी उर्मिला निषाद (30) को मोमोज खिलाने के बहाने उसे उताई थाना क्षेत्र के पुराई के सुनसान जगह नहर के पास लेकर गया। जहां दोनों बैठकर मोमोज और चाईनीज पकौड़ा खाए, तभी विजय ने उर्मिला पर चापर से कई वार कर दिया। जब महिला ने शादी का दबाव विजय पर बनाया तो परेशान होकर उसने उर्मिला से छुटकारा पाने का साजिश रचा और मौका मिलते ही चापर से उर्मिला को मारकर मौत के घाट उतारा दिया।

# जिस पर किया जान से ज्यादा भरोसा उसी ने दे दी मौत की सजा

## मोमोज के एक टुकड़े और हेयर क्लिप से सलाखों के पीछे पहुंचा बेरहम प्रेमी

भिलाई से जेएम तांडी

पहचान छिपाने के लिए विजय ने महिला के शव के ऊपर पेट्रोल डालकर उसके ऊपर पैरा डालकर आग लगा दी। शव पूरी तरह जल जाए, इसके लिए विजय बंधे ने आसपास से पैरा एकत्र कर जलती आग में डाल दिया और मौके से बाइक लेकर अपने गांव करगाडीह आ गया। दोनों की मुलाकात केटरिंग काम दे दौरान हुई थी। 2-3 साल से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोपी विजय बांधे ने विवाद और शादी के दबाव के कारण उर्मिला को रास्ते से हटाने की साजिश रची। घटना की शाम शाम 7 बजे विजय गौतम नगर उर्मिला के घर पहुंचा। विजय ने उर्मिला को झांसा दिया कि पाटन में शादी की पार्टी के काम से जाना है, और इस बहाने अपनी बाइक पर उसे बैठाकर उतई लेकर आया। जहां उर्मिला की हत्या कर फरार होने के बाद आरोपी अपने गांव में ही था। पूरी जानकारी गांव में ही लेता रहा। अगले दिन वो वापस सुपेला लौट गया। विजय डर की वजह से 9 दिसंबर को स्वयं सुपेला थाना पहुंचा। यहां पर उर्मिला निषाद की लापता की शिकायत दर्ज कराई। जिससे आरोपी खुद को बचा सके और प्रार्थी साबित हो पाए। लेकिन जैसा विजय ने हुलिया और घटनाक्रम बताया तो पुलिस को उस पर संदेह होने लगा। उसे पुलिस ने तुरंत हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरु किया और घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।



### 15 दिन तक रचता रहा साजिश

एसएसपी विजय अग्रवाल ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी विजय-उर्मिला का पैसा भी रख लेता था। इसको लेकर भी उनके बीच कई बार विवाद हुआ था। विजय बांधे शादीशुदा था घटना के समय उसकी पत्नी गर्भवती थी। विजय बांधे को उसकी प्रेमिका उर्मिला शादी के लिये दबाव बनाती थी। जिससे इसका पारिवारिक जीवन तनाव में रहता था और आर्थिक तंगी बनी रहती थी। इनमें पैसों के लेनदेन का विवाद भी होता था। पैसों की बात पर उर्मिला इसे सार्वजनिक रूप से बेइज्जत करती थी। परेशन विजय उर्मिला को इस कारण रास्ते से हटाया। 15 दिन से विजय उर्मिला की हत्या करने के फिराक में था। इसके लिए उसने सुपेला से चापर खरीदा, उसके बाद उमरपोटी पेट्रोल पंप से बॉटल में पेट्रोल लिया। फिर पुरई में सुनसान जगह ले जाकर उसकी हत्या कर दी।





### खेल मैदान के पास मिली थी लाश

उतई पुलिस ने बताया कि 8 दिसंबर की सुबह ग्राम पुरई के कोटवार ने पुलिस को सूचना दी कि करगाडीह-पाउवारा नहर के पास बने खेल मैदान में महिला की अधजली लाश पड़ी मिली है। सूचना मिलते ही तत्कालीन उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव अपनी टीम के सात मौके पर पहुंची। सुलझाने के लिए पुलिस ने 6 टीमे बनाई। आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल और गुमशुदगी रिपोर्ट को खंगालना पुलिस ने शुरु किया। इस बीच आरोपी विजय खुद ही प्रार्थी बनकर पुलिस थाना पहुंचा था। पुलिस ने आरोपी का खून से सना कपड़ा भी जब्त कर लिया और अन्य लोगों की संलिप्ता की जांच हुई। पुलिस ने विजय को पकड़ने के लिए 40 से 50 सीसीटीवी फुटेज खंगाल गए। उसके बाद आरोपी तक पुलिस पहुंच पाई। इस पूरे कार्रवाई में तत्कालीन एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा, फोरेसिंक एक्टसपर्ट डॉ मोहन पटेल, एसडीओपी अनूप लकड़ा, क्राइम डीएसपी अलेक्सजेंडर किरो, निरीक्षक महेश ध्रुव समेत पुलिस कर्मियों को योगदान रहा है।

15 अक्टूबर 2023 की सुबह एक सनसनीखेज खबर लेकर आई थी। पूर्व विधायक स्व. सोमप्रकाश गिरी के पुत्र और भाजपा कार्यकर्ता चंद्रशेखर गिरी गोस्वामी की उनके ही घर में घुसकर बेरहमी से हत्या कर दी गई । शुरूआती दौर में इस हत्याकांड को लेकर कई तरह की चर्चाएं हुईं, राजनीतिक बयानबाजी हुई और पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठे, लेकिन जांच आगे बढ़ी तो जो सच सामने आया, उसने सभी को चौंका दिया। पुलिस के अनुसार हत्या की साजिश किसी बाहरी दुश्मन ने नहीं, बल्कि मृतक के अपने सगे भाइयों ने रची थी।



कुरूद से यशवंत गंजीर

# खून ही बना खून का प्यासा

## पूर्व विधायक के बेटे की हत्या के पीछे निकले सगे भाई

पुलिस जांच में सामने आया कि 15 अक्टूबर 2023 की सुबह लगभग 5:30 बजे हेमगिरी गोस्वामी और हेमेंद्र गिरी गोस्वामी अपने साथियों के साथ दो वाहनों में सवार होकर कुरूद स्थित चंद्रशेखर गिरी के घर पहुंचे थे। आरोपियों ने घर में घुसकर चंद्रशेखर गिरी और उनकी पत्नी अर्चना गिरी पर लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दंपति को पहले कुरूद अस्पताल और फिर धमतरी रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में संबलपुर के पास चंद्रशेखर गिरी ने दम तोड़ दिया। हमले में अर्चना गिरी का पैर फ्रैक्चर हो गया था।

पुलिस के अनुसार चंद्रशेखर गिरी, हेमगिरी और हेमेंद्र गिरी तीनों सगे भाई थे और पैतृक संपत्ति को लेकर वर्षों से विवाद चल रहा था। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने चंद्रशेखर को घर से बेदखल करने और उसके हाथ-पैर तुड़वाने के लिए एक लाख रुपए की सुपारी दी थी। घटना के बाद आरोपी घर से 20 हजार रुपए नकद और सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी साथ ले गए थे। हालांकि हमले की गंभीरता के कारण मामला हत्या में बदल गया और पूरे जिले में सनसनी फैल गई।



**संपत्ति विवाद से शुरू हुई खूनी साजिश**





### हथियार, गाड़ियां और सुपारी की रकम भी बरामद

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से महिंद्रा थार ( सीजी 04 पीएफ 6897), महिंद्रा एक्सयूवी-500 (सीजी 17 केएच 8321), मित्सुबिशी कार ( जीजे 01 केपी 2583), आठ मोबाइल फोन, सीसीटीवी डीवीआर, वाई-फाई राउटर, 20 हजार रुपए नकद, 70 हजार रुपए सुपारी की शेष रकम तथा हमले में प्रयुक्त हथियार बरामद किए थे। पुलिस का दावा था कि घटना पूरी तरह योजनाबद्ध थी और संपत्ति विवाद ने अंततः एक राजनीतिक परिवार को ऐसे मोड़ पर ला खड़ा किया, जहां भाई ही भाई का सबसे बड़ा दुश्मन बन गया।

### 27 मामलों का आपराधिक इतिहास और 10 गिरफ्तारियां

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मृतक चंद्रशेखर गिरी, उनकी पत्नी अर्चना गिरी तथा दोनों भाइयों के खिलाफ कुरूद थाना में कुल 27 प्रकरण दर्ज थे। इनमें चंद्रशेखर गिरी पर 12, अर्चना गिरी पर 5, हेमगिरी पर 6 और हेमेंद्र गिरी पर 4 मामले दर्ज थे। मामले की जांच के बाद पुलिस ने कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें हेमगिरी गोस्वामी (47), हेमेंद्र गिरी गोस्वामी (42), शेख नादिम (31), समीर बाग (20), रिखी राम ध्रुव (18), मोहम्मद अब्दुल माजीर खान (36), सुनील वर्मा (21), जलधर बाग (22), नुहरुद्दीन (31) और मनीष वर्मा (22) शामिल थे। इनमें हेमगिरी और हेमेंद्र ग्राम मरौद, जिला धमतरी के निवासी हैं, जबकि शेष आरोपी रायपुर के कांपा मोवा और मोवा पुरानी बस्ती क्षेत्र के रहने वाले हैं।

प्यार के जुनून में नाबालिग को भला क्या मालूम था कि वह जिसे बेतहाशा प्यार करती है, वह शख्स अपने से पीछा छुड़ाने के लिए उसकी हत्या करने का मंशा रखता है। शादी समारोह में आई नाबालिग को उसके प्रेमी ने अपने दोस्तों की सहायता से अपहरण कर लिया। बिलासपुर की ओर जाने के लिए ट्रेन में सवार होकर जाने लगे। इस दौरान प्रेमी और नाबालिग बालिका के बीच प्रेम प्रसंग की बातों को लेकर विवाद हुआ तब अपने दोस्तों के साथ मिल कर ट्रेन के धक्का देकर उसकी हत्या कर दी।



राजनांदगांव से संतोष दुबे

# पीछा छुड़ाने नाबालिग प्रेमिका को ट्रेन से धकेला

यह सनसनीखेज वारदात खैरागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई थी। गांव की नाबालिग को एक युवक के साथ लगभग साल भर से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान वह अपने मां के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए दूसरे गांव आई हुई थी। 28 मार्च को शादी के रिसेप्शन के दौरान रात लगभग साढे 11 बजे नाबालिग कार्यक्रम से बिना किसी को कुछ बताए चली गई। जिसकी रिपोर्ट नाबालिग के पिता ने खैरागढ थाने में दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने त्वरित रूप से जाच पड़ताल शुरू कर दी। तकनीकी साक्ष्य एवं संदेह के आधार पर पुलिस ने संदेही मोहन वर्मा (27), चिचोला को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। इस दौरान वह लगातार पुलिस को गुमराह कर रहा था। अंततः उसने अपना जुर्म कबूल किया और पुलिस को बताया कि नाबालिग से उसका लगभग एक वर्ष से प्रेम प्रसंग था, नाबालिग उसे अपने साथ रखने के लिए दबाव डाल रही थी। साथ में नहीं रखने पर मरने की धमकी देती थी, जिससे वह काफी परेशान हो गया था । इस बात को वह अपने दोस्त हरीश वर्मा को बताया था। उसके बाद वह अपने दोस्त के साथ प्लान बनाया कि नाबालिग को डोंगरगढ़ बुलाकर समझाते है, नहीं मानने पर उसे हमेशा के लिए रास्ते से अलग करना है।

### गांव पहुंचकर कार्यक्रम से किया अपहरण

प्लान के मुताबिक नाबालिग को मिलने के लिए राजी किया। उसके बाद अपने दोस्त हरीश एवं एक अन्य नाबालिग दोस्त के साथ 28 मार्च की रात्रि में बाइक से खैरागढ़ क्षेत्र के विवाह स्थल गांव पहुंचे और नाबालिग का अपहरण किया। सबूत मिटाने के लिए पहले से ही कपड़े खरीद कर रखे थे। जिसे रास्ते में ही नाबालिग को चेंज कराए व मोबाइल तोड़ कर फेंक दिए। डोंगरगढ रेलवे स्टेशन से बिलासपुर का टिकट कराकर रात्रि लगभग 12 बजे एक्सप्रेस से बिलासपुर की ओर रवाना हो गए। ट्रेन में सीट ना मिलने की वजह से दरवाजे के पास ही बैठे थे।

### ट्रेन में धक्का देकर नीचे गिराया

बिलासपुर पहुंचने पर नाबालिग स्टेशन में उतरने बोली, किन्तु आरोपी उसे गुमराह कर और आगे ले गया । इस दौरान नाबालिग और प्रेमी मोहन वर्मा के साथ प्रेम प्रसंग को लेकर विवाद होने लगा। आरोपी मोहन वर्मा अपने साथी हरीश वर्मा व विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर नाबालिग को बिलासपुर के जयराम नगर रेलवे स्टेशन के आगे ट्रेन से धक्का देकर नीचे गिरा दिया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी व उसके दोस्त अकलतरा रेलवे स्टेशन में उतरे, तब सुबह हो गई थी। तीनों दोस्त दूसरी ट्रेन में बैठकर वापस डोंगरगढ़ गए और अपने अपने घर चले गए।

### सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग

पुलिस के मुताबिक जांच के दौरान घटना समय को अपहृता एवं आरोपी व विधि से संघर्षरत चारो लोग डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे में देखे गए। साथ ही घटना के बाद अकलतरा रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज में भी उक्त तीनों को देखा गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मोहन वर्मा (27), हरीश वर्मा (31) को 1 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा व विधि से संघर्षरत बालक को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया।

# बंगाल की खाड़ी में रुकीं नमी वाली हवाएं 5 सिस्टम ने लगाया मानसून पर ब्रेक

## छत्तीसगढ़ सहित कुछ राज्यों में दो दिन गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 4 जून को केरल पहुंच गया था लेकिन उसके बाद इसकी रफ्तार अचानक धीमी पड़ गई है। जून के मध्य तक कई इलाकों में बारिश की उम्मीद थी, लेकिन स्थिति उलट है। मॉनसून महाराष्ट्र के दक्षिणी हिस्से में रुक गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के मुताबिक, देशभर में 4 जून से 18 जून तक 41 प्रतिशत बारिश की कमी दर्ज की गई है।

आईएमडी के लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक, इस अवधि में देश में सिर्फ 42.6 मिलीमीटर बारिश हुई है, जबकि सामान्य बारिश 72.2 मिलीमीटर होनी चाहिए थी। मौसम विभाग की क्षेत्रीय जानकारी के मुताबिक, मध्य भारत में बारिश की 67 प्रतिशत कमी है। जबकि पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में 42 प्रतिशत, दक्षिणी प्रायद्वीप में 22 प्रतिशत और उत्तर-पश्चिम भारत में 6 प्रतिशत बारिश की कमी है। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मॉनसून महाराष्ट्र के बाकी हिस्सों में आगे नहीं बढ़ पाया है। कोंकण और मध्य महाराष्ट्र जैसे इलाकों में मॉनसून कई दिनों से अटका हुआ है।



### जेट स्ट्रीम कमजोर होने पर आगे बढ़ेगा मानसून

मौसम विभाग के मुताबिक, जेट स्ट्रीम का मौजूदा पैटर्न कमजोर होने पर मानसूनी हवाएं तेज होंगी। अगले 4-5 दिनों में मानसून के महाराष्ट्र, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने की परिस्थितियां बन सकती हैं। जेट स्ट्रीम वायुमंडल की ऊपरी परतों में बहने वाली बहुत तेज हवाएं हैं। ये आमतौर पर पृथ्वी की सतह से करीब 8 से 15 किलोमीटर की ऊंचाई होती है। ये मानसूनी बादलों और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस यानी पश्चिमी विक्षोभ को प्रभावित करती हैं।

फिलहाल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश हो रही है। इसके बावजूद यूपी-राजस्थान समेत 7 राज्यों में तापमान 40C के पार है।

**अगले दो दिन के मौसम का हाल** : अगले दो दिनों में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में बारिश की संभावना है। असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है।

# भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन का पंजाब दौरा आज से

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शनिवार आज 20 जून से 22 जून तक पंजाब के तीन दिवसीय विस्तृत संगठनात्मक दौरे पर रहेंगे। तीन दिनों के इस प्रवास कार्यक्रम में श्री नवीन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में भाग लेंगे और कई संगठनात्मक बैठकें भी करेंगे। साथ ही, वे प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों के साथ संवाद करेंगे, सामाजिक एवं धार्मिक नेताओं से मुलाकात करेंगे तथा भाजपा के संगठनात्मक नेटवर्क को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से भाजपा के शक्ति केंद्र प्रभारियों से भी मुलाक़ात करेंगे।



# अपनी जरूरतों को खुद पूरा करने वाला देश अधिक आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नागपुर स्थित यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) की इकाई आयुध निर्माणी अंबाझरी में 10 हजार टन एल्यूमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस के भूमि पूजन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रेस भारत की आयात पर निर्भरता घटाकर स्वदेश में महत्वपूर्ण सामग्रियों के निर्माण की सोच का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युद्धकाल में जब सप्लाई चेन पर प्रभाव पड़ता है। तब प्रत्येक देश यह चाहता है कि उसके जरूरी रक्षा उत्पादों का घरेलू स्तर पर उत्पादन किया जाना चाहिए। एक ऐसा मुल्क जो अपनी आवश्यकताओं को अपने बलबूते पर पूरा करने में सक्षम हो। वह और अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकता है। समारोह में राजनाथ सिंह के अलावा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, वाईआईएल और मंत्रालय के कई उच्च-अधिकारी शामिल हुए। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

## भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान तिरुपति
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का एक स्वायत्त संस्थान)

**संविदा के आधार पर परामर्शदाता एवं कनिष्ठ परामर्शदाता के लिए भर्ती**

आईआईएसईआर तिरुपति संविदा के आधार पर **"परामर्शदाता-01 पद एवं कनिष्ठ परामर्शदाता-01 पद"** के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड और प्रासंगिक कार्य अनुभव रखने वाले भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया **www.iisertirupati.ac.in** देखें और **"Careers-Administration"** लिंक पर क्लिक करें। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख **जून 29, 2026 को 17.00 बजे** है।

**विज्ञापन सं. 40/2026/आईआईएसईआर-ति/भर्ती/06.06.2026** हस्ता./-

CBC 21377/11/0005/2627 कुलसचिव (प्रभारी)

## Chhattisgarh InfoTech Promotion Society(CHiPS)2nd Floor SDC Building, Raipur, Chhattisgarh 492002
**Phone : 0771-4014158 Fax : 0771-4014158 E-mail :**

No. 193725/CEO/CHiPS/EMPL/Wi-Fi /2026 Raipur Dated: 18/06 /2026

**TENDER NOTICE**

Chhattisgarh Infotech Promotion Society (CHiPS), under Department of Information Technology, Govt. of CG invites technical proposals from reputed Bidder for "Empanelment of agencies for providing plug-and-play Wi-Fi Internet services, Access Point (AP) hardware, and on-site technical support for temporary/event-based requirements on a rental basis"

The document can be downloaded from the website www.chips.gov.in

**S-48218/1** **CEO, CHiPS**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

क्रमांक 1281 / न.पा.नि. /लोनिवि/26-27 अम्बिकापुर दिनांक 19/06/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा सुभाषनगर सब्जी मण्डी में दुकान निर्माण कार्य (ब्लॉक A&B) हेतु क्रमश: राशि रूपये 174.25 लाख एवं रूपये 173.42 लाख की (System Tender No. 193584 & 193587) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर**

## कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास विभाग) पांच बिल्डिंग परिसर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
**Phone No. :- 0788-2323704, E-Mail ID :- dpodurg@gmail.com**

क्रमांक / 886 / मबावि / सावि / 2026–27 दुर्ग, दिनांक 18/6/2026

